17 दिसंबर 2025

बुधवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




बक्सर में नाला निर्माण के दौरान तीन मकान जमींदोज चार मवेशियों की मौत, प्रशासन पर उठे गंभीर सवाल 2


प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


## एक नजर

### गोवा नाइटक्लब अग्निकांड में आरोपित लूथरा ब्रदर्स दो दिन की ट्रांजिट रिमांड पर

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब में लगी भीषण आग के आरोपित लूथरा ब्रदर्स भारत लाए जा चुके हैं। थाईलैंड में उनके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें देश लाया गया। थाईलैंड ने लूथरा ब्रदर्स को सीबीआई को सौंप दिया था। दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां उन्हें दो दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया गया है। पटियाला हाउस कोर्ट की ड्यूटी मजिस्ट्रेट ट्विंकल चावला ने गोवा पुलिस की ट्रांजिट रिमांड एप्लीकेशन को मंजूरी दे दी, जिससे गौरव और सौरभ लूथरा को गोवा ले जाने और वहां की संबंधित कोर्ट में पेश करने की इजाजत मिल गई। कोर्ट ने गोवा पुलिस को ट्रांजिट के लिए 48 घंटे का समय दिया है। नई दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट की ड्यूटी मजिस्ट्रेट ट्विंकल चावला ने गोवा के एक नाइटक्लब में 6 दिसंबर को लगी आग में कई लोगों की मौत के मामले में गोवा पुलिस की रिमांड अर्जी को मंजूर कर लिया है। कोर्ट ने नाइटक्लब के सह-मालिक गौरव लुथरा और सौरभ लुथरा को गोवा ले जाने और वहां की संबंधित अदालत में पेश करने की अनुमति दे दी। साथ ही, ट्रांजिट रिमांड के लिए गोवा पुलिस को 48 घंटे का समय दिया गया है।

### बीपीएससी 70वीं संयुक्त परीक्षा का रिजल्ट जारी

**नई दिल्ली।** बीपीएससी ने 70वीं संयुक्त मुख्य (मेंस) प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। 5,401 कैंडिडेट्स सफल हुए हैं। 25 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक पटना के 32 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में कुल 20,034 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें 5,401 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। जल्द ही इंटरव्यू की डेट जारी की जाएगी। इंटरव्यू 120 मार्क्स की होगी। आयोग ने कहा कि तय प्रक्रिया के अनुसार, रिजल्ट जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी कुछ घंटों बाद आयोग की आधिकारिक वेबसाइट bpsc.bihar.gov.in पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

# एसआईआर : पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 58 लाख वोटरों के नाम

- 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियों का दौर चलेगा, देना होगा आवेदन
- 32 लाख 65 हजार वोटर पश्चिम बंगाल से बाहर परमानेंट शिफ्ट हो चुके हैं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की है, जिसमें पश्चिम बंगाल से सबसे अधिक 58 लाख से अधिक वोटरों के नाम काटे गए हैं। मृत, स्थायी रूप से शिफ्ट हुए और डुप्लिकेट वोटरों के नाम हटाए गए हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक अब अगले साल 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियों का दौर चलेगा। चुनाव आयोग ने मंगलवार को 12 राज्यों में से पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर दी। इन सभी राज्यों में एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण किया जा रहा है। पांच राज्यों की जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सबसे अधिक नाम पश्चिम बंगाल में कटे हैं। यहां 58 लाख 20 हजार 899 वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। इनमें 24 लाख 16 हजार वोटरों की डेथ हो चुकी है, 32 लाख 65 हजार पश्चिम बंगाल से बाहर परमानेंट शिफ्ट हो चुके हैं और एक लाख 38 हजार से अधिक वोटरों के राज्य के अंदर ही दो या इससे अधिक जगह वोटर कार्ड बने पाए गए।

### कोलकाता पोर्ट से 74 हजार नाम हटे

चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य के 294 असेंबली एरिया में से सबसे ज्यादा नाम कोलकाता के चैरंगी और कोलकाता पोर्ट जैसे क्षेत्रों में कटे हैं। चैरंगी विधानसभा क्षेत्र में 74,553 नाम हटाए गए। यहां से विधायक तृणमूल कांग्रेस की नयना बंद्योपाध्याय हैं। कोलकाता पोर्ट से कुल 63,730 नाम हटाए गए। इसका प्रतिनिधित्व सीनियर मंत्री फिरहाद हकीम करते हैं। वहीं मंत्री अरूप बिस्वास के टॉलीगंज में 35,309 नाम हटे। सबसे कम नाम बांकुरा जिले के कोतुलपुर से हटाए गए, जहां 5,678 नाम हटाए गए। चुनाव आयोग ने बताया कि वोटर की मौत, दूसरी जगह शिफ्ट होना और डुप्लीकेट एंट्री के कारण उनके नाम लिस्ट हटाए गए हैं।

### 15 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियों का मौका

चुनाव आयोग का कहना है कि अब अगले साल 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियों का दौर चलेगा। जिस भी वोटर का नाम गलत कट गया है। वह इसकी शिकायत कर सकते हैं। उनका नाम 14 फरवरी को पब्लिश होने वाली फाइनल वोटर लिस्ट में जुड़ जाएगा। पश्चिम बंगाल में ही 85 लाख से अधिक वोटरों के नाम राज्य की 2002 में हुई एसआईआर वाली वोटर लिस्ट से नहीं मिले। इनके समेत अन्य ऐसे वोटर हैं। जिन्हें नोटिस भेजकर इन विसंगतियों के बारे में जानकारी ली जाएगी। काफी वोटर लापता भी मिले हैं।

## नेशनल हेराल्ड केस में गांधी परिवार को बड़ी राहत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नेशनल हेराल्ड केस में मंगलवार को गांधी परिवार को बड़ी राहत मिली है। केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ ईडी द्वारा दायर चार्जशीट का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार करने पर कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैंने खुद यह अहम केस लड़ाय यह बहुत महत्वपूर्ण फैसला है। यह एक खोखला मामला था जिसे इतने ऊंचे लेवल तक ले जाया गया, और आज इस पर संज्ञान भी नहीं लिया गया। हमने कहा था कि यह एक ऐसा अजीब मामला है जिसमें कोई पैसे का स्थानांतरण नहीं हुआ, कोई पैसा इधर-उधर नहीं हुआ, कोई संपत्ति इधर-उधर नहीं हुई, तो मनी लॉन्ड्रिंग कहां है? कोर्ट ने इस पर संज्ञान भी नहीं लिया, इसका मतलब है कि यह बहुत ही बेबुनियाद मामला है। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने कोर्ट के इस फैसले को सत्य की जीत बताया है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा सत्य की जीत हुई है, मोदी सरकार की बदनीयत और गैरकानूनी तरीके से की गई कार्रवाई पूरी तरह से बेनकाब हो गई है। माननीय अदालत ने यंग इंडियन मामले में कांग्रेस नेतृत्व - सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को अवैध और दुर्भावना से ग्रसित पाया है। कांग्रेस ने अपने ट्वीट में आगे लिखा, ष्अदालत ने फैसला दिया है कि ईडी का मामला क्षेत्राधिकार से बाहर है, उसके पास कोई थ्प्त् नहीं है जिसके बिना कोई मामला ही नहीं बनता।

## घने कोहरे में बलदेव स्थित माइलस्टोन 127 के पास हुआ भीषण हादसा

# 12 बसें टकराईं, 13 लोग जल गए जिंदा, 100 से अधिक हुए घायल



- 15 दमकलों ने दो घंटे में आग पर बमुश्किल काबू पाया
- चार अन्य डबल डेकर बसें क्षतिग्रस्त हो गई

**एजेंसी। मथुरा**

यमुना एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के घने कोहरे में बलदेव स्थित माइलस्टोन 127 के पास भीषण हादसा हुआ। सात डबल डेकर और एक रोडवेज सहित आठ बसें और तीन कारों की टक्कर के बाद आग लग गई। आठों बसें जलकर राख हो गईं। वहीं चार अन्य डबल डेकर बसें क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में 13 यात्रियों की मौत हो गई जिनमें से अधिकांश जिंदा जल गए। 100 से ज्यादा घायल हैं। कई यात्री बसों में ही कोयले सरीखे बदल गए। 15 दमकलों ने दो घंटे में आग पर बमुश्किल काबू पाया। मृतकों की शिनाख्त के लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। घायलों को मथुरा, वृंदावन और आगरा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजन को दो-दो लाख, घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। मृतकों में रेलवे बोर्ड के सदस्य भाजपा नेता प्रयागराज निवासी अखिलेंद्र प्रताप यादव भी शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घने कोहरे के कारण दृश्यता शून्य थी। इसी दरम्यान मंगलवार तड़के करीब पौने चार बजे माइलस्टोन 27 के पास एक-एक करके एक रोडवेज बस व सात डबल डेकर बसें आपस में टकरा गईं। इसके बाद पीछे से आ रहीं तीन कारें भी इन गाड़ियों में घुस गईं। हादसा होते ही चीखपुकार मच गई। बसों में फंसे यात्री खिड़कियों के शीशे तोड़कर कूदने लगे। आपाधापी इस कदर थी कि सबको अपनी जान बचाने की पड़ी थी। इसी बीच बसों से आग की लपटें उठने लगीं। जो लोग घायलों को बाहर निकाल रहे थे वे भी आग की लपटें उठने पर भाग गए। इन बसों के चालक, परिचालकों का भी पता नहीं चल सका है।

### शवों की शिनाख्त जारी

गाड़ियां धू-धू कर जलने लगीं। घटनास्थल पर मचे कोहराम के बीच आसपास के ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की भयावहता को देखकर एंबुलेंस और दमकलों को बुलाया। करीब एक घंटे के बाद मथुरा, हाथरस और आगरा से दमकलें घटनास्थल पर पहुंची। एंबुलेंस और पुलिस की गाड़ियों से करीब 100 घायलों को मथुरा, वृंदावन और आगरा के अस्पतालों में भेजा गया। निजी बसें गोंडा, जालौन, कानपुर, जौनपुर, हमीरपुर, बहराइच, प्रयागराज से दिल्ली जा रही थी। रोडवेज बस आंबेडकर नगर डिपो की थी जो आंबेडकर नगर से दिल्ली जा रही थी। घटना के बाद एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ, मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेश पांडेय, डीएम चंद्रप्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार ने घटनास्थल और अस्पतालों का निरीक्षण किया और इंतजाम करवाए। देर रात तक शवों की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा था। शाम तक केवल तीन मृतकों की शिनाख्त हो पाई थी। आजमगढ़ निवासी रामपाल (75), नहाटी प्रयागराज निवासी भाजपा नेता अखिलेंद्र प्रताप यादव (44), मसकनवा गोंडा निवासी सुल्तान अहमद (79) शामिल है।

## ममता सरकार में खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता लियोनल मेसी के हाई-प्रोफाइल कोलकाता दौरे के दौरान सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुए कथित कुप्रबंधन और सुरक्षा चूक के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में भूचाल आ गया है। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने मंगलवार को दावा किया कि राज्य के खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने अपने पद से मुक्त होने की इच्छा जताई है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर खेल विभाग की जिम्मेदारी से हटाने का अनुरोध किया है। कुणाल घोष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर अरूप बिस्वास द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र की एक कॉपी भी साझा की। इस पत्र में बिस्वास ने हालिया विवाद के मद्देनजर खेल मंत्री के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त करने की गुहार लगाई है। हालांकि यह पत्र बिस्वास के आधिकारिक लेटरहेड पर नहीं है, जिसको लेकर विपक्षी दलों ने सवाल खड़े कर दिए हैं और इसे राजनीतिक ड्रामा करार दिया है। 13 दिसंबर को सॉल्ट लेक स्टेडियम में आयोजित लियोनल मेसी के कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्था फैल गई थी। हजारों दर्शक भारी टिकट कीमतें चुकाकर सिर्फ मेसी की एक झलक पाने पहुंचे थे, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था चरमरा गई। जैसे ही मेसी मैदान में आए, करीब 100 से ज्यादा लोग एक साथ उनकी ओर दौड़ पड़े। इनमें राजनीतिक नेता, वीआईपी और सुरक्षा कर्मी भी शामिल थे। सुरक्षा घेरा टूटने के बाद हालात बेकाबू हो गए और अंततः मेसी को कुछ ही मिनटों में मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। मेसी के अचानक चले जाने से दर्शकों का गुस्सा फूट पड़ा। स्टेडियम में तोड़फोड़ हुई, पुलिस से झड़पें हुईं और कुर्सियों समेत अन्य फर्नीचर को नुकसान पहुंचा। सरकारी आकलन

## खराब मौसम के कारण दिल्ली एयरपोर्ट से 131 उड़ानें रद्द

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर हवाई उड़ानें बुरी तरह प्रभावित रहीं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) के एक अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम के चलते अब तक कुल 131 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। अधिकारी के अनुसार, इनमें 52 उड़ानें प्रस्थान और 79 उड़ानें आगमन की थीं। उत्तर भारत में सर्दियों के मौसम में घना कोहरा आम बात है, जिसका सबसे ज्यादा असर राजधानी दिल्ली पर पड़ता है। दिल्ली एयर इंडिया का प्रमुख हब भी है, इसलिए यहां की बाधाओं का असर पूरे देश के उड़ान नेटवर्क पर पड़ता है।नागर विमानन नियामक डीजीसीएम ने इस साल सर्दियों के लिए 10 दिसंबर से 10 फरवरी तक के समय को आधिकारिक फॉग विंडो घोषित किया है। इस दौरान कोहरे की वजह से उड़ानों में देरी और रद्द होने की संभावना अधिक रहती है। इसी बीच, मौसम की मार से जूझ रही एयरलाइन इंडिगो ने भी बताया कि उसने मंगलवार को अपने पूरे नेटवर्क में 113 उड़ानें रद्द कीं। इसके अलावा, दिल्ली एयरपोर्ट पर







# विधायक की पहल से जागा सिस्टम, डुमरांव की जर्जर सड़क पर लौटी हलचल

- **1.30 करोड़ के मरम्मती टेंडर पर फिर शुरू हुआ काम, नई सड़क के लिए अलग निविदा की तैयारी**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव शहर की मुख्य सड़क, जो लंबे समय से बदहाली और गड्ढों की पहचान बन चुकी थी, अब एक बार फिर सुर्खियों में है। कारण है, विधायक के सख्त हस्तक्षेप के बाद अधूरा पड़ा सड़क जीर्णोद्धार कार्य दोबारा शुरू होना। सड़क मरम्मत के नाम पर जारी 1.30 करोड़ रुपये के टेंडर के बावजूद महीनों से ठप पड़े काम ने आम लोगों और व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ा दी थीं, लेकिन अब हालात बदलते नजर आ रहे हैं। दरअसल, अगस्त महीने में शहर की इस प्रमुख सड़क के जीर्णोद्धार के लिए टेंडर जारी हुआ था। शुरूआत में काम चला, लेकिन संवेदक ने महज करीब 25 प्रतिशत कार्य करने के बाद अचानक निर्माण बंद कर दिया। अधूरे काम के कारण सड़क की स्थिति और खराब हो गई। गड्ढे, टूटी सतह और धूल ने राहगीरों, वाहन चालकों और दुकानदारों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी। त्योहारों के दौरान व्यापारियों के आग्रह पर प्रशासन ने अस्थायी रूप से निर्माण कार्य रुकवाया था, ताकि बाजार की गतिविधियां प्रभावित न हों। लेकिन त्योहार खत्म होने के बाद भी संवेदक ने काम शुरू नहीं किया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि प्रशासन को संवेदक पर प्राथमिकी दर्ज करनी पड़ी, फिर भी सड़क की हालत जस की तस बनी रही। चुनाव संपन्न होने के अगले ही दिन विधायक राहुल कुमार सिंह ने खुद मौके पर पहुंचकर सड़क का निरीक्षण किया। अधिकारियों से उन्होंने सीधे सवाल किए कि टेंडर होने के बावजूद काम क्यों रुका है। इसके बाद विधायक पटना पहुंचे और संबंधित विभाग के प्रधान सचिव समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर पूरे मामले को गंभीरता से उठाया।

जांच में स्पष्ट हुआ कि यह टेंडर केवल सड़क मरम्मत (रिपेयरिंग) के लिए है, न कि नई सड़क निर्माण के लिए। विधायक ने बताया कि इसी वजह से पूरी तरह नई सड़क बनाना संभव नहीं है। हालांकि, फिलहाल रिपेयरिंग का काम पूरा कराया जाएगा, ताकि सड़क अगले तीन से चार महीने तक चलने लायक बनी रहे। साथ ही, नई और मजबूत सड़क के निर्माण के लिए अलग से नया टेंडर लाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। विधायक के निर्देश के बाद दोबारा नापी शुरू हो गई है और काम में तेजी लाई जा रही है। निर्माण के दौरान यातायात सुचारु रखने के लिए डायवर्जन और ट्रैफिक नियंत्रण के

## फर्स्ट आइडिया बाहर, जेकेएसबी की वापसी, शिक्षा माफिया और मिलीभगत पर चलेगा शिकंजा

# केशव टाइम्स इंपैक्ट : हाउसकीपिंग घोटाले पर प्रशासनिक प्रहार, रद्द हुआ फर्स्ट आइडिया का चयन

- **नियमों को ताक पर रखकर दिया गया था काम, जांच में खुली परतें, सांसद के हस्तक्षेप और मीडिया के दबाव में कार्रवाई**
- **दोषी अधिकारियों की पहचान कर एक सप्ताह में होगी कार्रवाई**

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले के सरकारी विद्यालयों में साफ-सफाई (हाउसकीपिंग) कार्य को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। केशव टाइम्स द्वारा लगातार उठाए गए सवालों और तथ्यों के साथ चलाए गए अभियान का बड़ा असर सामने आया है। जिला प्रशासन ने नियमविरुद्ध तरीके से चयनित हाउसकीपिंग एजेंसी एम/एस फर्स्ट आइडिया डिजिटल एप्लीकेशंस प्राइवेट लिमिटेड का चयन रद्द करते हुए उसे कार्य से हटा दिया है। इसके साथ ही निविदा प्रक्रिया से विधिवत चयनित एजेंसी एम/एस जेकेएसबी स्किल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को पुनः डुमरांव, नावानगर और इटाढ़ी प्रखंडों में साफ-सफाई का कार्य सौंप दिया गया है।यह फैसला न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता की जीत माना जा रहा है, बल्कि इससे शिक्षा विभाग में सक्रिय कथित माफिया और अधिकारियों की मिलीभगत पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**निविदा प्रक्रिया की खुली धज्जियां**

दरअसल, वर्ष 2023 में राज्य स्तर से जारी निविदा के तहत बक्सर जिले के बक्सर, चौसा, नावानगर, इटाढ़ी और डुमरांव प्रखंडों में सरकारी विद्यालयों की साफ-सफाई का कार्य जेकेएसबी स्किल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को मिला था। एजेंसी ने कार्य प्रारंभ भी कर दिया था और विधिवत एकरारनामा (एग्रीमेंट) संपन्न हुआ था। इसी बीच नवंबर 2023 में तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल द्विवेदी द्वारा जेकेएसबी स्किल्स इंडिया और आरएस एंटरप्राइजेज को शोकॉज जारी किया गया। हैरानी की बात यह रही कि शोकॉज की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही, बिना किसी वैधानिक आदेश के, डुमरांव, नावानगर और इटाढ़ी प्रखंडों का कार्य फर्स्ट आइडिया डिजिटल को सौंप दिया गया। न तो जेकेएसबी का अनुबंध रद्द किया गया और न ही उसे कार्यमुक्त करने का कोई आदेश जारी हुआ।

### जांच में सामने आई सुनियोजित साजिश

कार्य आवंटन में हुई इस गड़बड़ी का मामला जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक तक पहुंचा। इसके बाद सांसद सुधाकर सिंह के पत्र पर जिलाधिकारी ने तीन सदस्यीय प्रशासनिक जांच समिति का गठन किया। जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि जेकेएसबी को शोकॉज देने के पांच दिन पहले ही फर्स्ट आइडिया से डुमरांव, नावानगर और इटाढ़ी के लिए सहमति पत्र ले लिया गया था और उसे वर्क ऑर्डर भी दे दिया गया था। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया कि फर्स्ट आइडिया का चयन पूरी तरह नियमविरुद्ध है और यह नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। न तो कार्य आवंटन का कोई ठोस आधार था और न ही कोई वैध अभिलेख।

### केशव टाइम्स का अभियान बना निर्णायक

इस पूरे मामले में केशव टाइम्स ने लगातार तथ्यात्मक रिपोर्टिंग करते हुए सवाल उठाए कि किसके संरक्षण में नियमों को दरकिनार कर एक ऐसी एजेंसी को लाभ पहुंचाया गया, जिसने निविदा प्रक्रिया में भाग तक नहीं लिया था। मीडिया के दबाव और जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन को जांच और कार्रवाई के लिए मजबूर होना पड़ा।

### शिक्षा माफिया और अधिकारियों की मिलीभगत पर सवाल

सूत्रों के अनुसार, इस पूरे खेल में कथित शिक्षा माफिया अजय सिंह और अरविंद सिंह की भूमिका को लेकर भी गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि इनके दबाव में विभागीय अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रखकर फर्स्ट आइडिया को काम सौंपा। हालांकि आदेश में सीधे नाम नहीं लिए गए हैं, लेकिन कार्रवाई से यह साफ हो गया है कि मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही का नहीं, बल्कि सुनियोजित मिलीभगत का है।

### डीईओ का सख्त आदेश, दोषियों पर गिरेगी गाज

जिला शिक्षा पदाधिकारी संदीप रंजन ने ज्ञापांक 1007, दिनांक 16.12.2025 को जारी आदेश में फर्स्ट आइडिया के साथ किया गया एकरारनामा रद्द करते हुए जेकेएसबी स्किल्स इंडिया को पुनः कार्य सौंपने का निर्देश दिया है। साथ ही आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि फर्स्ट आइडिया द्वारा यदि किसी अवधि में संतोषजनक कार्य किया गया हो, तो नियमानुसार भुगतान पर विचार किया जाएगा।

सबसे अहम बात यह है कि डीईओ ने कार्य आवंटन में अनियमितता करने वाले अधिकारियों और कर्मियों की पहचान कर एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इससे संकेत मिलते हैं कि आने वाले दिनों में शिक्षा विभाग में और भी बड़े प्रशासनिक कदम उठाए जा सकते हैं।

वहीं, विभागीय सूत्रों का कहना है कि इस खेल में तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी व डीपीओ नाजिश अली की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। अब देखना है कि विभाग द्वारा दोषी अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की जा रही है।

### पारदर्शिता की जीत, मीडिया की भूमिका साबित

यह पूरा प्रकरण इस बात का प्रमाण है कि जब मीडिया जनहित में सजग भूमिका निभाती है और जनप्रतिनिधि आवाज उठाते हैं, तो व्यवस्था को जवाबदेह होना ही पड़ता है। केशव टाइम्स का यह इंपैक्ट न केवल शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की जीत है, बल्कि उन अधिकारियों और माफियाओं के लिए भी कड़ा संदेश है जो नियमों से ऊपर खुद को समझते हैं।

## अरक में खेत को लेकर हिंसक टकराव, लाठी-डंडा व धारदार हथियार चले, 11 लोगों पर दोहरी प्राथमिकी

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

स्थानीय थाना क्षेत्र के अरक गांव में सोमवार को खेत से जुड़े विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। आमने-सामने आए दो पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, फिर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चलने लगे। इस झड़प में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। सभी जख्मियों को इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया।

घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पहले पक्ष की ओर से घायल राम अवतार सिंह के बयान पर आरोप लगाया गया है कि वह खेत की ओर जा रहे थे, तभी पहले से घात लगाए लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। इस मामले में सत्यपाल सिंह, सत्यदेव सिंह, सीडु सिंह समेत कुल पांच लोगों को नामजद किया गया है।

वहीं दूसरे पक्ष की ओर से घायल राघवेंद्र प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि वह अपने दो साथियों के साथ खेत में गोभी काटने गए थे, तभी फरसा और भाला से लैस लोगों ने उन पर हमला कर दिया। इस मामले में सूरज सिंह, रितेश सिंह, सत्येन्द्र सिंह सहित कुल छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव में तनाव को

## रसेन की फायरिंग : बदले की कहानी या साजिश का जाल, अहियापुर ट्रिपल मर्डर की परछाईं में नई हत्या

**केटी न्यूज/राजपुर**

बक्सर जिले का अहियापुर और उससे सटा रसेन इलाका एक बार फिर खूनी संघर्ष की वजह से सुर्खियों में है। सात महीने पहले हुए अहियापुर ट्रिपल मर्डर की आग अभी ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि सोमवार की रात रसेन गांव के पास अंधाधुंध फायरिंग ने पूरे जिले को झकझोर दिया। इस वारदात में मोहनपुर निवासी रामकांत पाठक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विजय शंकर चौबे गंभीर रूप से घायल हो गए। करीब दस राउंड फायरिंग, खेतों के बीच बिखरे खोखे और मिस गोली, घटना ने इलाके में खौफ का माहौल पैदा कर दिया है।

यह हत्याकांड अब सिर्फ एक आपराधिक घटना नहीं रह गया है, बल्कि इसे अहियापुर ट्रिपल मर्डर से जोड़कर देखा जा रहा है। घायल विजय शंकर चौबे ने पुलिस को दिए बयान में सीधा आरोप लगाया है कि यह हमला बदले की भावना से किया गया। उनका दावा है कि हमलावर अहियापुर ट्रिपल मर्डर में मारे गए लोगों के परिजन हैं, जिन्होंने रंजिश के चलते इस वारदात को



अंजाम दिया। विजय शंकर के मुताबिक, सोमवार की शाम वह अपने रिश्तेदार रामकांत पाठक के साथ खेत की ओर टहलने निकले थे। नहर के पास पहले से घात लगाए बैठे छह लोगों ने ह्लमारो-मारोह्व चिल्लाते हुए फायरिंग शुरू कर दी। भागने के दौरान उनके पैर में गोली लगी, जबकि रामकांत पाठक को हमलावरों ने निशाना बनाकर कई गोलियां दागीं। पुलिस ने मौके से आठ खोखे और दो मिस गोली बरामद की है। घायल के बयान के आधार पर अजीत यादव, गुड्डू सिंह, सोनू सिंह, मुन्ना सिंह, श्री सिंह, सिकंदर सिंह और अमित सिंह के नाम सामने आए हैं। विजय शंकर का कहना है कि अहियापुर ट्रिपल मर्डर के बाद उनके दामाद का ट्रक जब्त हुआ था, जिसे छुड़ाने के लिए वे कोर्ट के चक्कर लगा रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ा और यह खूनी वारदात हुई। हालांकि, कहानी का दूसरा पहलू पूरी तरह अलग है। अहियापुर ट्रिपल मर्डर के पीड़ित परिवार के सदस्य अजीत यादव ने वीडियो बयान जारी कर पूरे मामले को साजिश करार दिया है। उनका आरोप है कि 23 दिसंबर को कोर्ट में चार्ज फ्रेम होने से पहले उन पर दो करोड़ रुपये और दस बीघा जमीन देने का दबाव बनाया जा रहा था। जब उन्होंने इनकार किया, तो उन्हें हत्या के केस में फंसाने की योजना बनाई गई। अजीत यादव ने यह भी आरोप लगाया कि राजपुर थाना के एसएचओ ने उनके घर से एक युवक को बिना सूचना थाने ले जाकर हिरासत में रखा है। वहीं, पीड़ित परिवार को सुरक्षा में तैनात गार्डों ने भी वीडियो बयान में कहा है कि घटना के समय पूरा परिवार घर पर मौजूद था, जिससे वे आरोपों को झूठा बता रहे हैं। इधर, मृतक रामकांत पाठक के भतीजे मंटू पाठक ने पूरी घटना का एंगल पलटते हुए विजय शंकर चौबे पर ही साजिश का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रामकांत पाठक को जबरन रसेन रोका गया और साजिश के तहत उनकी हत्या कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य खुद जांच की कमान संभाले हुए हैं। पुलिस का कहना है कि नामजद एफआईआर दर्ज कर ली गई है, सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है और किसी निष्कर्ष पर पहुंचना अभी जल्दबाजी होगी। फिलहाल रसेन और अहियापुर के बीच तनावपूर्ण शांति है। सवाल यह है कि यह वारदात बदले की आग का नतीजा है या किसी बड़ी साजिश का हिस्सा, इसका जवाब अब पुलिस जांच और आने वाले दिनों की कार्रवाई तय करेगी।




# आईईएसएम के आग्रह पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बक्सर आने का दिया आश्वासन



- **पूर्व सैनिकों में खुशी की लहर, सम्मान समारोह की तैयारी शुरू**

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले के पूर्व सैनिकों के लिए यह खबर किसी उत्सव से कम नहीं है। बिहार राज्य इंडियन एक्स सर्विसमेन मूवमेंट (आईईएसएम) बक्सर के आग्रह पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बक्सर आने का सकारात्मक आश्वासन दिया है। इस खबर के सामने आते ही जिले सहित आसपास के इलाकों में रहने वाले हजारों पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस आशय की जानकारी आईईएसएम बक्सर के उपाध्यक्ष विद्यासागर चौबे ने दी है। उन्होंने बताया कि आईईएसएम बक्सर के चेयरमैन एवं मुंडेश्वरी अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मेजर पी. के. पाण्डेय ने रक्षा मंत्री के नाम पत्र के माध्यम से भारतीय सेना और सैनिकों के लिए किए गए उनके सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। पत्र में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को विश्व पटल पर प्रदर्शित करने, सैनिकों से जुड़े वेतन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए स्पर्श सेंटर की स्थापना तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वयं जाकर सैनिकों से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाने जैसे कार्यों को ऐतिहासिक बताया गया।

डॉ. पाण्डेय की पहल पर बक्सर जिले के पूर्व सैनिकों की ओर से रक्षा मंत्री को सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण भेजा गया। यह पत्र पीसीडीए अधिकारी मनोज सिंह एवं लेफ्टिनेंट कामेश्वर पाण्डेय द्वारा स्वयं रक्षा मंत्री से मुलाकात कर उन्हें सौंपा गया। पत्र को पढ़ने के बाद रक्षा मंत्री ने बक्सर आने के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, जिससे पूर्व सैनिकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। रक्षा मंत्री के बक्सर आगमन की खबर जिले के लगभग दस हजार पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं में सुनामी की तरह फैल गई। खुशी का आलम यह रहा कि न सिर्फ बक्सर, बल्कि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और पूरे बिहार के सैनिक संगठन भी इस कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं। सभी को अब बेसब्री से रक्षा मंत्री की बक्सर यात्रा की तिथि और समय की घोषणा का इंतजार है। पूर्व सैनिकों ने एक स्वर में कहा कि यदि रक्षा मंत्री बक्सर आते हैं तो यह जिले के लिए ऐतिहासिक क्षण होगा और इससे सैनिकों का मनोबल और अधिक ऊंचा होगा। सभी सैनिकों और वीरांगनाओं ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।



# ठंड में उम्मीद की गर्माहट : अनाथ बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बने अजय राय

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जैसे-जैसे ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे जरूरतमंदों की परेशानियां भी बढ़ रही हैं। ठंडी हवाओं, कोहरे और गिरते तापमान के बीच जहां आम लोग अपने घरों में सिमटने को मजबूर हैं, वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दूसरों के जीवन में राहत और गर्माहट घोलने में जुटे हैं। डुमरांव के स्वच्छता अभियान के ब्रांड एम्बेसडर एवं युवा समाजसेवी अजय राय ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। अजय राय ने ठंड से बचाव के उद्देश्य से पहले जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया और अब उन्होंने अनाथ व बेसहारा बच्चों की ओर कदम बढ़ाया है। इस क्रम में उन्होंने कुल 40 से 45 जरूरतमंद बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए। जैसे ही बच्चों को गर्म कपड़े मिले, उनके चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। ठंड के मौसम में यह मदद उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं थी। इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि इस नेक कार्य को सफल बनाने में समाज के हर वर्ग का भरपूर सहयोग मिला है। उन्होंने बताया कि लोगों के सहयोग और विश्वास के कारण ही यह सेवा कार्य संभव हो पाया। अजय राय ने यह भी स्पष्ट किया कि बच्चों के बीच गर्म कपड़े वितरण का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि कोई भी बच्चा ठंड के कारण परेशान न हो। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने आसपास के जरूरतमंदों की पहचान करें और यथासंभव उनकी मदद करें। छोटी-छोटी सहायता भी किसी के जीवन में बड़ी राहत बन सकती है। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार, शिक्षक महताब आलम, युवा समाजसेवी राहुल सूर्यवंशी, अभिषेक रंजन और शुभम राय सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने अजय राय के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सहयोग का भरोसा दिलाया। ठंड के इस मौसम में अजय राय का यह प्रयास न सिर्फ बच्चों को गर्माहट दे रहा है, बल्कि समाज में सेवा और संवेदनशीलता का संदेश भी फैला रहा है।



## एक नजर

### आपकी पूंजी, आपका अधिकार, अभियान के तहत बक्सर में दावा सुविधा कैंप, 9.65 करोड़ की लावारिस राशि लौटाने की तैयारी

**बक्सर।** भारत सरकार द्वारा वित्तीय समावेशन और नागरिकों के आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर एक राष्ट्रव्यापी अभियान ह्वआपकी पूंजी, आपका अधिकारह्व की शुरूआत की गई है। यह अभियान अक्टूबर 2025 से दिसंबर 2025 तक देशभर में संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकों, बीमा कंपनियों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों में वर्षों से पड़ी नागरिकों की लावारिस (अनक्लेम्ड) जमा राशि को उनके वास्तविक हकदारों तक पहुंचाना है। एइस संबंध में जिला अग्रणी प्रबंधक बक्सर सतीश कुमार ने बताया कि बक्सर जिले के विभिन्न बैंकों में कुल 28,166 निष्क्रिय खातों में करीब 9.65 करोड़ रुपये की राशि बिना दावे के पड़ी हुई है। यह राशि संबंधित खाताधारकों या उनके वास्तविक उत्तराधिकारियों को लौटाई जानी है। उन्होंने बताया कि बिना दावा वाली वित्तीय संपत्तियों को लेकर जागरूकता फैलाने और दावे की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से अभियान के तहत एक आउटरीच कार्यक्रम एवं दावा सुविधा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 19 दिसंबर 2025 को पूर्वाह्न 11.30 बजे नवनिर्मित सभागार, समाहरणालय बक्सर में आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी, बक्सर द्वारा की जाएगी। इस शिविर में वास्तविक खाताधारक अथवा उनके उत्तराधिकारी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपने दावे प्रस्तुत कर सकेंगे। दावे की जांच एवं सत्यापन के उपरांत पात्र लाभार्थियों को उनकी जमा राशि वापस की जाएगी। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त बक्सर, वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग), भारतीय रिजर्व बैंक पटना के अधिकारी सहित जिले के सभी बैंकों, बीमा कंपनियों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। प्रशासन ने जिलेवासियों से इस अवसर का लाभ उठाने और अपनी लावारिस पूंजी को वापस पाने की अपील की है।

### प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लिये 1520 आवेदन हुए स्वीकृत, भेजे गए बैंक में

**डुमरांव।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से गरीब परिवार के लोगों को स्वरोजगार करने के लिये 90 हजार रुपए की राशि तीन किस्तों में दी जाती है। पहले फेज में कुल 500 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करते हुए नगर के विभिन्न बैंकों को भेज दिया गया है। भेजे गए आवेदनों पर आजतक एक भी मजदूरों एवं गरीब परिवार के महिला-पुरूष को राशि नहीं मिली है। फिर 1020 आवेदन भी बैंको में लोन देने के लिये आवेदन को इस सप्ताह भेजा गया है। मंगलवार पहले और बाद में कुल 1520 भेजे गए आवेदनों के आवेदनकर्ता नप के सामुदायिक संगठन बंगाली यादव के कार्यालय में पहुंच राशि नहीं मिलने की शिकायत कर रहे थे।

शिकायतकर्ताओं का यह बताया जा रहा था कि बैंक प्रबंधक के साथ बैठक हुई है, सभी को राशि मिलेगी। बैंक प्रबंधकों ने बताया की भेजे आवेदनों में 275 ऐसे हैं, जो पहुंचे ही नहीं, जिसे रिटर्न कर दिया गया। उनका कहना था कि हर किसी को इस योजना के तहत लाभ दिया जाएगा। मालूम हो कि इस योजना के तहत जो राशि दी जाती है, उसे तीन कस्तों में निर्गत किया जाता है। पहले फेज 15 हजार दूसरे में 25 हजार और तीसरे में 50 हजार रूपया दिया जाता है। प्रचार-प्रसार के अभाव में बहुत लोगों को इसकी जानाकरी नहीं है। मंगलवार को इसकी जानकारी लेने के लिये काफी संख्या में महिलाएं नप कार्यालय में पहुंच सारी जानकारी ले रही थी। जानकारी लेकर कुछ आवेदन कर रही थी, तो कुछ स्वीकृति के बाद बैंक द्वारा बार-बार दौड़ाने की शिकायत कर रही थी। सभी को समझाबुझाकर भेजा गया।

## घटिया गैस के पाइप बना रामपुर छात्रावास में आगलगी की कारण, छात्रों में प्रबंधन के प्रति गहराया आक्रोश

# रामपुर के अनुसूचित जाति छात्रावास के मेस में गैस लीक से भड़की आग, मची अफरा-तफरी




**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के रामपुर गांव स्थित एससी-एसटी छात्रावास संख्या 2 में मंगलवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मेस में नाश्ता बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से अचानक गैस लीक होने लगी और देखते ही देखते आग भड़क उठी। आग इतनी तेज थी कि वह पास रखे दूसरे सिलेंडर की ओर बढ़ने लगी, जिससे सिलेंडर ब्लास्ट का खतरा पैदा हो गया। छात्र छात्राओं और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई।

आग लगते ही छात्रावास परिसर में अफरा-तफरी मच गई। बच्चे जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कई छात्र-छात्राएं रोते हुए परिसर से बाहर निकल आए। मेस और छात्रावास परिसर कुछ देर के लिए धुएं और आग के गुबार में तब्दील हो गया।

**कर्मचारियों की सूझबूझ से टली बड़ी अनहोनी**

विद्यालय के कर्मचारियों ने सूझबूझ दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया और तत्काल वरीय अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

### कर्मचारियों की सूझबूझ से टली बड़ी अनहोनी

विद्यालय के कर्मचारियों ने सूझबूझ दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया और तत्काल वरीय अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

### एक कर्मी झुलसा, बच्चे दहशत में

आग बुझाने के दौरान सफाईकर्मी चूमन राम हल्का झुलस गया, हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। आग लगते ही 213 छात्र छात्राएं डर के मारे छात्रावास परिसर से बाहर निकल आए। घटना के बाद से बच्चों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### घटिया पाइप बना आग की वजह : फायर इंस्पेक्टर

असिस्टेंट फायर इंस्पेक्टर बृजकुमार चौधरी ने बताया कि मेस में बिना किसी प्रमाणित कंपनी की घटिया किस्म की गैस पाइप का इस्तेमाल किया गया था। पाइप फटने के कारण ही यह भीषण आग लगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो सिलेंडर ब्लास्ट हो सकता था, जिससे बड़ा हादसा तय था।

### जीविका की बड़ी लापरवाही, सिस्टम फेल

सरकार ने छात्रावास के बच्चों को पौष्टिक भोजन देने की जिम्मेदारी जीविका को सौंपी है, लेकिन इस घटना ने जीविका के अधिकारियों और कर्मियों की घोर लापरवाही को उजागर कर दिया है। रसोई में न तो फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम हैं, न ही बकेट सेट, मोटर खराब, होज रील और पाइप लाइन जर्जर हालत में है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं।


### पत्रकारों से घबराए अधिकारी

घटना की सूचना मिलने पर जिला कल्याण पदाधिकारी अरविंद कुमार मौके पर पहुंचे। इस दौरान जब उन्हें पत्रकारों की मौजूदगी की जानकारी मिली तो उन्होंने सवाल उठाया कि यहां पत्रकारों की क्या जरूरत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पत्रकारों के आने से छात्रावास में चल रही लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार उजागर होने का डर अधिकारियों को सता रहा है। घटना की जानकारी छात्रावास प्रबंधक ने प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुधांशु कुमार को दी, जिन्होंने जिला स्तर पर सूचना पहुंचाई। मौके पर डायल 112 की टीम, वासुदेवा थाना की पुलिस पहुंची

# भाई के बाद पिता की मौत से ब्रह्मा ठाकुर परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर के पूर्व उप मुख्य पार्षद ब्रह्मा ठाकुर के परिवार पर दुखों का ऐसा पहाड़ टूटा है, जिसे शब्दों में बयान करना मुश्किल है। महज चार दिनों के भीतर परिवार ने दो अपनों को खो दिया, जिससे पूरा परिवार मर्माहत और गहरे शोक में डूब गया है। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को परिवार के छोटे सदस्य विष्णू ठाकुर का असामयिक निधन हो गया था। बेटे की मौत से परिवार अभी संभल भी नहीं पाया था कि मंगलवार को पिता, 84 वर्षीय फतेह बहादुर ठाकुर उर्फ भुटी ठाकुर ने भी अंतिम सांस ले ली। एक के बाद एक हुई इन दो मौतों ने पूरे परिवार को तोड़ कर रख दिया है। जैसे ही फतेह बहादुर ठाकुर के निधन की खबर शहर में फैली, शोक व्यक्त करने वालों का तांता उनके आवास पर लग गया। हर कोई इस दुख की घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचा। लोगों की आंखें नम थीं और माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिवार को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति देने की कामना की। इस अवसर पर जदयू प्रवक्ता अंजुम आरा, पूर्व मुख्य पार्षद मोहन मिश्रा, पूर्व मुख्य पार्षद कमलेश तुरहा, पूर्व मुखिया इस्लाम अंसारी, माले नेता संजय शर्मा, पप्पु सिंह, बिनोद राय, पिंटू मुखिया, अनिल सिंह, कृष्णा सिंह, डॉ. आनंद पांडेय, संजय जायसवाल, राजद नेता मुन्ना खां, गौतम कुमार समेत कई सामाजिक व राजनीतिक हस्तियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। पूरा शहर इस शोक की घड़ी में ब्रह्मा ठाकुर परिवार के साथ खड़ा है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्माओं को शांति और शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करें।



# मंत्री रमा निषाद से युवा भाजपा नेता दीपक यादव की शिष्टाचार मुलाकात

- **योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर हुआ विचार-विमर्श**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री रमा निषाद से युवा भाजपा नेता दीपक यादव ने शिष्टाचार एवं आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर जिले सहित राज्य में सामाजिक न्याय को और अधिक मजबूत बनाने, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत और सार्थक चर्चा की गई।

मुलाकात के दौरान शिक्षा, छात्रवृत्ति, कौशल विकास, रोजगार सृजन, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान से जुड़ी योजनाओं पर विशेष रूप से विचार-विमर्श हुआ। दीपक यादव ने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी अपने उद्देश्य में सफल होंगी, जब उनका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक ईमानदारी, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। उन्होंने जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों की ओर मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया और इनके समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं स्थानीय प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया।

दीपक यादव ने मंत्री के सहज, सरल और संवेदनशील व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि उनका अनुभव और स्पष्ट दृष्टिकोण सरकार की उस मजबूत प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो वंचित, पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों के उत्थान के प्रति समर्पित है। उन्होंने विश्वास जताया कि मंत्री के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में विभाग सामाजिक न्याय को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा तथा समावेशी विकास के लक्ष्य को साकार करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाएगा।

वहीं, मंत्री रमा निषाद ने युवाओं की भूमिका को सामाजिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि युवा नेतृत्व सकारात्मक बदलाव का सशक्त माध्यम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे, ताकि वास्तविक लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंच सके।

इस अवसर पर युवा नेता अभिषेक रंजन एवं युवा नेता पंकज कुमार पासवान भी उपस्थित रहे। तीनों युवा नेताओं ने एक स्वर में समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान, सामाजिक समरसता और बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मुलाकात के अंत में मंत्री रमा निषाद को उनके सफल एवं जनकल्याणकारी कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।




# गड़हियां में स्वर्गीय बबन ओझा की 17वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा




- **बोले वक्ता, सादगी, सेवा और सामाजिक सद्भाव के प्रतीक थे स्व. बबन ओझा**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नवानगर प्रखंड के गड़हियां गांव में मंगलवार को कांग्रेस नेता एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सदस्य डॉ. सतेंद्र ओझा के पिता, स्वर्गीय बबन ओझा की 17वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और कांग्रेस कार्यकताओं की उपस्थिति ने आयोजन को स्मरणीय बना दिया।

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. उमाशंकर पांडये ने की, जबकि संचालन स्वयं डॉ. सतेंद्र ओझा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय बबन ओझा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उन्हें नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व को याद किया।

**व्यक्तित्व और कृतित्व पर वक्ताओं ने डाला प्रकाश**

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय बबन ओझा समाज के ऐसे व्यक्ति थे, जिनकी पहचान सादगी, सरलता और सेवा भाव से थी। वे गांव के हर व्यक्ति के सुख-दुख में सहभागी रहते थे और बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। वक्ताओं ने कहा कि एक कर्मठ किसान होने के साथ-साथ वे सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे और मानवीय मूल्यों के सशक्त प्रतीक थे। गांव की एकजुटता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में उनका योगदान आज भी लोगों को प्रेरित करता है।

### गणमान्य लोगों की रही उल्लेखनीय उपस्थिति

श्रद्धांजलि सभा में बाबूगंज इंग्लिश पंचायत के मुखिया सतेंद्र यादव, गड़हियां के वार्ड सदस्य अमर ओझा, ऋषिकेश ओझा, मनोज उपाध्याय, सरपंच विकास यादव, बबलू राज, रामकुमार पांडेय, रमेश कुमार, सुमन तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र मिश्रा, वार्ड पार्षद संतोष उपाध्याय, रितेश पांडेय, दीपक सिंह, कृष्णकांत दुबे, बड़क बाबा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय बबन ओझा के जीवन मूल्यों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### पिता के आदर्श बने जीवन की प्रेरणा : डॉ. सतेंद्र ओझा

कार्यक्रम के अंत में डॉ. सतेंद्र ओझा ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता के आदर्श, उनका संघर्ष और समाज के प्रति समर्पण ही उनके जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि समाज में प्रेम, भाईचारा और सेवा की भावना को आगे बढ़ाना ही स्वर्गीय बबन ओझा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास अपने पिता के आदर्शो पर चलना है। समाज सेवा व गरीब, मजलूमों तथा किसानों की सेवा का गुण मुझे अपने पिताजी से ही मिला था। वे आजीवन समाज के सभी वर्गो की सेवा करते रहे। डॉ. सत्येन्द्र ने कहा कि अपने पिता के सिद्धांतो को मैं आत्मसात कर ही सामाजिक कार्यो में सक्रिय रहता हूं।

# नेनुआं पहुंचा डुमरांव पुलिस के जनता दरबार का कारवां, पांच मामलों का हुआ निष्पादन

- **नेनुआ के चर्चित सार्वजनिक तालाब के अतिक्रमण का मामला भी सुलझा, डुमरांव थानाध्यक्ष के सुझबूझ की ग्रामीणों के बीच होते रही चर्चा**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पुलिस द्वारा गांवों में आयोजित किए जा रहे जनता दरबार के तहत मंगलवार को डुमरांव पुलिस का कारवां थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव पहुंचा, जहां पुलिस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान से सुनी तथा त्वरित निष्पादन कर उन्हें राहत पहुंचाई। जनता दरबार डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। जिसमें कुल पांच मामले आए, सभी का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। इसमें नेनुआं गांव के चर्चित सार्वजनिक तालाब के अतिक्रमण का मामला भी था, जिसे दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद थानाध्यक्ष ने अपनी सुझबूझ से उसे निपटा दिया।




जनता दरबार में ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं पुलिस पदाधिकारियों के समक्ष रखी तथा उसका निष्पादन होने से खुशी जताई। खासकर ग्रामीण डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के सुझबूझ तथा व्यवहार कुशलता की सराहना कर रहे थे। ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस यदि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए इसी तरह से संजीदगी से काम करे तो गांव की कई समस्याओं का समाधान हो जाएगा तथा गांव में अक्सर हो रहे मारपीट जैसी घटनाओं पर लगाम लग जाएगी। वहीं, थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनने के साथ ही उन्हें त्वरित न्याय दिलाया गया, साथ ही अपराध नियंत्रण व तस्करी पर लगाम लगाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील ग्रामीणों से की गई। उन्होंने कहा कि बिना ग्रामीणों के सहयोग से अपराध पर नियंत्रण नहीं किया जा सकता है। थानाध्यक्ष ने कहा कि उनका प्रयास अपराध व तस्करी नियंत्रण में जीरो टॉलरेंस की नीति को धरातल पर उतराना है, इसके लिए आम जनता का सहयोग जरूरी है। बता दें कि एसपी शुभम आर्य के निर्देश पर इस जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है।

# समेकित चौकी पर वाहन जांच में भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/नवादा**

रजौली मंगलवार की अहले सुबह रजौली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद विभाग की कार्यवाई में एक यात्री बस से विदेशी शराब बरामद किया गया। साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। उत्पाद अधीक्षक अरूण कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच चौकी पर उत्पाद निरीक्षक अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में

गुप्त सूचना के आधार पर 'पूजा रथ यात्री बस' पंजीकरण संख्या बीआर-25 पी 9541 को रोका गया और उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बस से 29.680 लीटर विदेशी शराब की एक खेप बरामद



हुई। जब्त शराब में विभिन्न प्रकार के 100 मिलीलीटर से लेकर 750 मिलीलीटर तक की बोतलें शामिल हैं। जिनमें 8 पीएम व्हिस्की, रॉयल स्टैग व्हिस्की,कॉन्टेसा थ्री एक्स रम, ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व व्हिस्की, ब्लेंडर्स प्राइड कॉटेसा व्हिस्की, 1965 स्पिरिट ऑफ विक्टोरी प्रिमियम थ्री एक्स रम, और स्टर्लिंग रिजर्व बी-7 व्हिस्की सम्मिलित हैं।शराब की इस अवैध तस्करी में शामिल होने के आरोप में तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए तस्कर में विपिन कुमार मिश्रा,निवासी-बेला, मुफस्सिल, जिला गोपालगंज-आरा, अर्जुन यादव,निवासी-खपिया, सिमरिया, ज़िला-चतरा-झारखंड,रूद्र भूषण प्रसाद, निवासी गंगु महल, खंड संख्या 16, न्यू याकूपुर, गर्दनीबाग, जिला-पटना शामिल है। जांच के क्रम में यह पाया गया कि बस के चालक व उप चालक विपिन कुमार मिश्रा और अर्जुन यादव संतोषजनक उत्तर नहीं दिये। पूछ्ताछ में ज्ञात हुआ कि वे शराब तस्करी में शामिल थे, जिसके पश्चात उनके पास से 180 मिलीलीटर विदेशी शराब के बोतल में सील टूटी का करीब 100 एमएल शराब बरामद हुआ। बस के दोनों कमार्चारियों को तत्काल हिरासत में ले लिया गया।साथ हीं बस को भी जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस सफल कार्यवाई का संचालन अवर निरीक्षक विश्वजीत कुमार सिंह और धर्मेंद्र कुमार द्वारा किया गया। गिरफ़्तार तस्करों के विरुद्ध मद्दनिषेध अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाई की जा रही है।

## ऑडियो वायरल के बाद एसडीपीओ बोले..आरोपी पर होगी त्वरित कार्रवाई

# डागर्दी: बालू माफिया प्रिंस ने मोबाइल दुकानदार को जान से मारने की दी धमकी





- शिकायत के बाद थानाध्यक्ष ने माफिया से ग्राहक का राशि लौटाने को बोला
- बालू गिराने के लिए ग्राहक गोरे से माफिया ने ले रखा है 20 हजार रुपए

**केटी न्यूज/नवादा**

रजौली थाना क्षेत्र के बलिया गांव निवासी और बजरंगबली चौक स्थित मोबाइल दुकान के संचालक गोरे कुमार ने रजौली थानाध्यक्ष और बालू माफिया प्रिंस कुमार के बीच हुई बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद सच्चाई हुई उजागर। पीड़ित गोरे कुमार ने बताया कि उन्होंने घर निर्माण के लिए बालू खरीदने हेतु प्रिंस कुमार से बात की थी। जिनके द्वारा 22 हजार रुपए में एक हाईवा ट्रक बालू गिराने की बात कही गई थी। जिसके लिए गोरे कुमार ने पेय फोन के माध्यम से प्रिंस को 20 हजार रुपए अग्रिम राशि दी थी। हालांकि,पैसे लेने के बाद प्रिंस कुमार न तो बालू गिरा रहा था और न ही पैसे वापस कर रहा था, बल्कि पैसे मांगने पर मारपीट करने की धमकी देता था। थक-हार कर गोरे कुमार जब रजौली थाने में शिकायत लेकर पहुंचे, तो थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने प्रिंस कुमार को फोन कर पैसे लौटाने के लिए कहा। गोरे कुमार के अनुसार, थानाध्यक्ष के फोन करने के बाद प्रिंस ने यह कहकर टालमटोल किया कि वह घर में है और एक घंटे में पैसे देगा। इसके बाद, उसने केवल एक ट्रैक्टर बालू गिराया, जिसकी कीमत उसने तीन हजार रुपए बताई, लेकिन बाकी बचे 17 हजार रुपए आज तक वापस नहीं किए गए हैं। गोरे कुमार का आरोप है कि अब पैसे मांगने पर प्रिंस उन्हें चाकू से जान मारने की धमकी देता है और घर पर आकर अभद्र गालियां भी देता है। इधर, वायरल ऑडियो पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने अपना पक्ष रखा है। उन्होंने बताया कि जो ऑडियो वायरल किया जा रहा है, वह दरअसल पीड़ित गोरे कुमार की शिकायत पर प्रिंस कुमार को पैसे लौटाने के लिए किया गया फोन कॉल है। थानाध्यक्ष के मुताबिक, वह प्रिंस कुमार को पैसे लौटाने के लिए बोल रहे थे, जिस पर वह कभी तबीयत खराब होने का बहाना बना रहा था, तो कभी घर पर होने और एक घंटे में पैसे देने की बात कह रहा था। इसी बीच बालू माफिया प्रिंस कुमार से संबंधित दो ऑडियो वायरल हो रहे हैं। एक ऑडियो में वह थानाध्यक्ष से बातचीत में अपनी तबीयत खराब होने और एक घंटे में पैसे देने की बात कह रहा है। वहीं, दूसरे ऑडियो में वह किसी उपेंद्र नामक व्यक्ति से बातचीत कर रहा है, जिसमें उपेंद्र उसे बता रहा है कि ह्यसर खोज रहे हैं, वे लगाने बोले हैं। इस ऑडियो में प्रिंस कह रहा है कि घर में हूं, 20 हजार रुपया अभी नहीं हुआ है, पूरा होता है तो आकर देता हूं।ह्लइस प्रकरण में पुराना ऑडियो रिकॉर्डिंग को पुलिस को बदनाम करने के लिए अब वायरल किया जा रहा है।

वहीं रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार ने कहा कि वे प्रशिक्षण के लिए हाजीपुर आया हूं। उन्होंने लौटने के बाद जांच के बाद अग्रतर कार्रवाई करने की बात कही है।

# भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के बनने से पार्टी होगी मजबूत : डॉ. मनीष

**केटी न्यूज/रोहतास**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन को 14 दिसंबर को भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया। जो 45 वर्षीय नबीन इस पद को संभालने वाले पार्टी के अब तक के सबसे युवा नेता हैं और बिहार से इस गौरवपूर्ण पद तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति हैं। उनके अध्यक्ष पद की घोषणा होने पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. मनीष रंजन ने उन्हें शुभकामनाएं दी। साथ ही भाजपा नेता ने नितिन नबीन को भाजपा का जुझारू और ऊजार्वान कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि नबीन के पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है। साथ ही उनके नेतृत्व में भाजपा पार्टी आने वाले भविष्य में और अधिक सशक्त संगठन होगी। डॉ. मनीष ने विश्वास जताया कि देश के विकास पुरुष नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों और पार्टी की विचारधारा को भी जन-जन तक पहुंचाने में सफल होंगे। दूसरी तरफ भाजपा नेता डॉ. मनीष रंजन ने दरभंगा से लगातार छह बार के विधायक बने संजय सरावगी को 15 दिसंबर को भाजपा बिहार का नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर उन्हें बधाई दिया। साथ ही कहा कि छह बार विधायक के रूप में सरावगी के निरंतर जीत और जनसेवा के प्रति उनका समर्पण जनता के बीच अतुलनीय है। जो जिम्मेदारी पूर्ण अध्यक्ष पद के रूप में कुशल नेतृत्व और संगठनात्मक अनुभव से बिहार में भाजपा को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेंगे।



# शिक्षा समिति की बैठक में विद्यालय निदेशक से गुणवता बिंदुओं की गई चर्चा

- शिक्षा व उपस्थिति सुधारने पर जोर देते हुए भोजन गुणवत्ता जोर

**केटी न्यूज/नवादा**

रजौली नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रजौली में मंगलवार को विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष संतोष वर्मा ने की। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालय के विकास के लिए सरकार से विकास राशि उपलब्ध कराए जाने की मांग पर गहन चर्चा की गई। बैठक शुरू होने पर सबसे पहले पूर्व बैठक की समीक्षा की गई। इसके बाद आगे की बैठक पर चर्चा की गई। बैठक में रजौली प्रखंड के सभी स्कूल को सही ढंग से संचालन करने,बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए उनके अभिभावकों को प्रेरित व जागरूक करने,बच्चों को अनुशासन युक्त शिक्षा देने,शिक्षकों व बच्चों को निर्धारित समय पर स्कूल आने व छुट्टी के बाद स्कूल से घर जाने, शिक्षकों की समस्याओं आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही इसे हरहाल में अमल में लाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में प्रधानाध्यापक भोला कुमार,एमडीएम प्रभारी मुकेश पांडे, वरीय शिक्षक शोभा देवी, मो. मेराज अंसारी, समिति सचिव पूनम देवी, सदस्य नीलम देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं भौतिक विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। शिक्षा समिति द्वारा चार प्रमुख प्रस्ताव रखे गए, जिन पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। निर्णय लिया गया कि शिक्षा समिति की बैठक अब प्रत्येक माह अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी। साथ ही विद्यालय भवन के रंग-रोगन का कार्य शीघ्र कराने पर सहमति बनी। विद्यालय में शैक्षणिक व अन्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण हेतु एक ट्रक (स्टोर) खरीदने का निर्णय भी लिया गया। इसके अलावा बच्चों को मिलने वाले मिड-डे मील के प्रस्तावित मेनू पर चर्चा कर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।अध्यक्ष संतोष वर्मा ने कहा कि लिए गए सभी निर्णयों को समय पर लागू किया जाएगा, जिससे विद्यालय का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।



## एक नजर

### बिहार में अपराधियों का तांडव जारी गोपालगंज में ट्रैक्टर चालक को मारी गोली

**गोपालगंज।** बिहार में अपराधियों का तांडव जारी है। इस बार अपराधियों ने गोपालगंज में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। जहां बदमाशों ने गन्ना लदे ट्रैक्टर चालक को गोली मार दी। घटना मांझा थाना क्षेत्र के भोजपुरवा मोड़ की है। घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जैसे ही फायरिंग की आवाज आई, मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत सदर अस्पताल गोपालगंज लाया गया। डॉक्टरों की टीम उसकी गंभीर हालत में इलाज कर रही है, लेकिन फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही मांझा और नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। इस गोलीकांड के बाद भोजपुरवा मोड़ और आसपास के ग्रामीण इलाकों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग अपराध को लेकर आक्रोशित हैं और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि आखिर अपराधी इतने बेखौफ कैसे हो गए हैं, और पुलिस कितनी जल्दी उन्हें पकड़ पाएगी।

### डेहरी : अवैध अतिक्रमण के खिलाफ करीब 15 घरों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**सासाराम ।** बिहार में अतिक्रमण के खिलाफ लगातार चल रहे एक्शन को लेकर अब लोगों का गुस्सा भी खुलकर सामने आने लगा है। मंगलवार को डेहरी ऑन सोन के केनाल रोड में बुलडोजर एक्शन के बाद अतिक्रमणकारियों ने बीच सड़क पर आगजनी कर अपना विरोध जताया। वही अतिक्रमणकारियों का आशियाना उजड़ने के बाद उसने सड़क जाम कर जमकर की आगजनी। दूसरी तरफ बुलडोजर एक्शन के खिलाफ काफी संख्या में बेघर हुए महिलाएं, पुरुष एवं बच्चों ने सड़क जाम कर आगजनी की। सभी प्रदर्शनकारी स्थानीय विधायक सोनू सिंह के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे और उन्होंने इस दौरान करीब 2 से 3 घंटे तक सड़क को बाधित रखा। विरोध प्रदर्शन के कारण डेहरी ऑन सोन का कैनाल रोड पूरी तरह जाम हो गया, जिससे वाहन चालकों के साथ-साथ राहगीरों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस प्रशासन की टीम ने काफी मशक्कत के बाद सभी प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाया, इसके बाद यातायात सामान्य हुआ।

**कार्रवाई के बाद खुले में ठंडी सोने को मजबूर :** प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि उन्हें प्रशासन की ओर से अपना अवैध निर्माण हटाने के लिए कोई मोहलत नहीं दी गई। अगर उन्हें कुछ वक्त दिया जाता तो रहने के लिए कोई व्यवस्था हो जाती, लेकिन प्रशासन ने अचानक आकर घर तोड़ दिया, जिससे काफी सामानों का भी नुकसान हुआ है। वहीं घर टूटने के कारण हम लोग ठंड के मौसम में छोटे-छोटे बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर हैं।

### मीटर बाईपास विद्युत चोरी में चार पर प्राथमिकी दर्ज

**कोचस।** विधुत विभाग के धावा दल की टीम ने मीटर बायपास कर विद्युत उपयोग कर रहे चार उपभोक्ताओं को पकड़ जुमार्ना करते हुए स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसकी जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के जेई राहुल रंजन ने बताया कि मीटर बायपास कर विद्युत चोरी कर रहे लोगों के विरुद्ध विभाग छापेमारी की गई, इस दौरान थाना क्षेत्र के परसिया गांव में छापेमारी की गई जिसमें अलगू साह पिता घुरफेकन शाह के ऊपर 10946 रुपया, व रामबचन सिंह पिता बैजनाथ सिंह के ऊपर 13560 रुपए तथा मुकेश कुमार यादव पिता हरे राम सिंह के ऊपर 13330 रुपए और तेतरी देवी पति केशर सिंह के ऊपर 10980 रुपए का जुमार्ना करते हुए स्थानीय थाने मे प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, ये सभी ग्राम परसिया थाना कोचस के हैं। वहीं पुलिस आवेदन ले कानूनी प्रक्रिया शुरू करदी है।

### टीकाकरण को लेकर एएनएम व आशा को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**बिक्रमगंज।** मंगलवार को सर्वे एवं ड्यू लिस्ट पर एएनएम और आशा को टीकाकरण संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं का मौजूद करने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिक्रमगंज में सोमवार को एएनएम और आशा आशा फैसिलिलेटर एवं स्वास्थ्य कर्मियों के लिए नया सर्वे और ड्यू लिस्ट विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. कामेश्वर प्रसाद साहू के अध्यक्षता में सर्वे ड्यू लिस्ट का विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. केपी साहू जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक प्रभावित सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाना है। उन्होंने कहा कि नए सर्वे के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधित वास्तविक स्थिति का सटीक आकलन किया जाएगा। प्रत्येक स्वस्थ कर्मियों की जिम्मेदारी स्पष्ट होगी जिस कार्य का निष्पादन में सुधार आएगा प्रशिक्षण सत्र के दौरान मात्रा एवं शिशु स्वास्थ्य नियमित टीकाकरण परिवार नियोजन और पोषण संचार रोगी की पहचान गृह भ्रमण सरकारी स्वास्थ्य योजनाएं क्रियान्वयन रिपोर्टिंग प्रणाली तथा डाटा संग्रहण से जुडी विरुद्ध जानकारियां दी गई। साथ ही प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि एएनएम और आशा ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था के रीढ़ है और उनके संबंधित प्रयास से ही सरकार की स्वास्थ्य योजनाएं से धरातल पर सफल हो सकती है प्रशिक्षण में शामिल स्वास्थ्य कर्मियों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उनके कार्य में स्पष्ट आएगी और आम लोगों बेहतर स्वास्थ्य में उपलब्ध कराई जा सकेगी मौके पर अनीश नारायण बीसीएम प्रधान लिपि प्रणव कुमार विकास कुमार,राजीव कुमार,शशिबाला कुमारी, उर्मिला कुमारी, कांति कुमारी, सीता कुमारी, कविता कुमारी, आशा फैसिलिटी रेणु कुमारी, संध्या कुमारी, सूरज कुमार अन्य लोग उपस्थित थे।

# बिहार के 3 युवा क्रिकेटरों ने बिखेरा जलवा, सार्थक रंजन- शाकिब हुसैन और सुशांत मिश्रा की बड़ी नीलामी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

बिहार के 3 युवा क्रिकेटरों ने बिखेरा जलवा, सार्थक रंजन-शाकिब हुसैन और सुशांत मिश्रा की बड़ी नीलामी11 इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के ऑक्शन में बिहार के तीन युवा क्रिकेटरों ने अपनी छाप छोड़ी और राज्य का नाम रोशन किया। गोपालगंज के शाकिब हुसैन, दरभंगा के सुशांत मिश्रा और पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के बेटे सार्थक रंजन ने प्रतिष्ठित फ्रेंचाइजी टीमों में जगह बनाई। सांसद पप्पू यादव के बेटे सार्थक रंजन को शाहरुख खान की ङङफने 30 लाख में खरीदा है । इस तिहरी सफलता के बाद न केवल उनके गृह जिलों में बल्कि पूरे बिहार के खेल प्रेमियों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है।




**शाकिब हुसैन (गोपालगंज):** गोपालगंज शहर के दरगाह निवासी शाकिब हुसैन को सनराइजर्स हैदराबाद (रफ्ल) ने 30 लाख रुपये में खरीदा। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, मित्र और स्थानीय खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शाकिब की अथक मेहनत और प्रतिभा के कारण यह सफलता मिली और यह गोपालगंज के लिए गौरव का क्षण है।

**सुशांत मिश्रा (दरभंगा):** दरभंगा जिले के लहटा तुमौल सुहथ पंचायत के तुमौल गांव निवासी बाएं हाथ के तेज मध्यम गेंदबाज सुशांत मिश्रा को राजस्थान रॉयल्स (फ्फ्र) ने 90 लाख रुपये में खरीदा। उनका बेस प्राइस 30 लाख था, लेकिन नीलामी में उन्हें तीन गुना कीमत मिली, जो उनकी प्रतिभा और फ्रेंचाइजी के भरोसे को दशार्ता है। सुशांत मिश्रा वर्तमान में रांची में रहते हैं, लेकिन उनकी जड़ें दरभंगा से जुड़ी हुई हैं। यह उपलब्धि न केवल उनके गांव के लिए बल्कि पूरे मिथिलांचल क्षेत्र के युवा क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है।

**सार्थक रंजन:** सांसद पप्पू यादव के बेटे सार्थक रंजन को कोलकाता नाइट राइडर्स (ङङफ) ने अपनी टीम में शामिल किया। सार्थक का आईपीएल में चयन उनके क्रिकेट करियर का महत्वपूर्ण मोड़ है। बिहार से इन तीन युवा खिलाड़ियों का आईपीएल में चयन राज्य के क्रिकेट के लिए गौरव का पल है। शाकिब हुसैन और सुशांत मिश्रा अब दुनिया की सबसे बड़ी और प्रतिस्पर्धात्मक ळ20 लीग में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के बेटे सार्थक रंजन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में खेलने का मौका मिल गया है। 16 दिसंबर को अबूधाबी के एतिहाद एरीना में आयोजित आईपीएल ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया। ऑक्शन में सार्थक रंजन का बेस प्राइस 30 लाख रुपये रखा गया था, जिस पर केकेआर ने बोली लगाकर उन्हें खरीद लिया।

# ग्राहक से पांच लाख रुपए लूटकांड मामलें में पुलिस के गिरफ्तारी से अपराधी दूर

**केटी न्यूज/रोहतास**

थाना क्षेत्र के सतसा पुल के समीप हथियार से लैस अज्ञात अपराधियों के द्वारा एक ग्राहक से साथ पांच लाख की लूट कांड के बाद मंगलवार को भी पुलिस के हाथ खाली है और अपराधी पुलिस जर्फ से बाहर है। पुलिस के कार्यशैली को लेकर स्थानीय ग्रामीणों मे आक्रोश देखने को मिल रही है।आपको बता दे कि हाल ही मे नौ दिसंबर को थाना क्षेत्र के बलथरी सावनडीहरी पथ पर सतसा पुल के समीप दिन के उजियारे में हथियार से लैस बाइक सवार अपराधियों ने एक ग्राहक से लगभग पांच लाख रुपए की छीनैती कर ली थी। जबकि दूसरी घटना 11 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के राजनडीह गांव में बाइक सवार अपराधियों ने हथियार का भय दिखा कर उक्त गांव के व्यवसाई मिथिलेश कुमार सिंह से लगभग एक भर की सोने की चेन और अंगूठी लूट ली थी जिसकी शिकायत स्थानीय में दर्ज कराई गई है। तीसरी घटना 25 अगस्त को कोचस कंचन ज्वेलरी मे अज्ञात अपराधियों ने प्रवेश कर लगभग 5 करोड़ रुपए की आभूषण की चोरी की थी, चौथी घटना 17 सितंबर को कटियारा के काली मंदिर के दान पेटी और मंदिर मे लगे घंटी को चुरा ले गए। इसके साथ साथ फिलहाल बाइक चोरी के साथ अन्य घटना घटित हुई है। क्षेत्र मे इस तरह की घटनाएं आए दिन होती रही है। स्थानीय थाने के पुलिस की निष्क्रियता के चलते थाना क्षेत्र में लूट, रंगदारी व हत्या जैसी घटनाएं होती आ रही है। अगर पुलिस रात्रि गश्ती और दिव्या गस्ती तेज कर दे तो बढ़ते अपराध पर रोक लगाया जा सकता है। लेकिन पुलिस की मनमानी की वजह से थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां बढ़ गई है। स्थानीय अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि नए थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार के आने के बाद अपराधियों के हौसले बुलंद है। इनके पदभार ग्रहण करने के बाद चोरी-छीनैती जैसी अन्य आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही है। थाना अध्यक्ष की निष्क्रियता के चलते अपराधिक घटना में बढ़ोतरी हुई है। यहां तक की लगभग एक माह पूर्व चोरी गई बाइक कि प्राथमिकी दर्ज करने गए पीड़ित से थाने में बैठे दलालों के प्राथमिकी दर्ज कराने के नाम पर कुछ रुपए की मांग की गई थी। थाने की पुलिस सड़कों तक सिमट कर रह जाती है और गांव तक पुलिस और पुलिस पहुंचती तो हमें लगता है कि किसी भी घटना पर रोक लगाया जा सकता है।

# पशुपतिनाथ से बैजनाथधाम तक बनेगा ग्रीन फील्ड रोड, कांवड़ियों को मिलेगी बड़ी सुविधा



**एजेंसी। पटना**

बिहार और झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के शिवभक्तों के लिए एक बड़ी और ऐतिहासिक पहल सामने आई है। नेपाल स्थित विश्वप्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर से झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैजनाथधाम तक प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एलाइनमेंट और सुल्तानगंज से बैजनाथधाम तक पैदल तीर्थयात्रियों के लिए सर्विस रोड निर्माण को लेकर अब ठोस संकेत मिलने लगे हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सतत प्रयासों से इस महत्वाकांक्षी परियोजना के साकार होने की संभावना और प्रबल हो गई है। इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि उनके द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को मंत्रालय के नए राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्यक्रम के तहत विचार के लिए लिया गया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे दिए गए हैं। यह पत्र सामने आने के बाद क्षेत्र में उत्साह और उम्मीद का माहौल बन गया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि किसी भी नए राष्ट्रीय राजमार्ग की घोषणा कई महत्वपूर्ण मापदंडों के आधार पर की जाती है। इनमें यातायात का घनत्व, माल ढुलाई की आवश्यकता, यात्री आवाजाही, क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक महत्व, पर्यटन की संभावनाएं, प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना से सामंजस्य तथा राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को जोड़ने वाली सड़कों की भूमिका जैसे बिंदु शामिल होते हैं। इसके बावजूद उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा भेजे गए इस प्रस्ताव को गंभीरता से विचार के लिए आगे बढ़ाया गया है, जो इसकी अहमियत को दर्शाता है। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी संगठन और सरकार, दोनों स्तरों पर अपने प्रभावी नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं और केंद्र सरकार के मंत्रियों तथा शीर्ष नेतृत्व के साथ उनके बेहतर समन्वय का लाभ लगातार उनके क्षेत्र को मिलता रहा है। तारापुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को बीते एक वर्ष में मिली स्वीकृति को इसी समन्वय और सक्रिय पहल का परिणाम माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सम्राट चौधरी ने बीते वर्ष केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर यह अनुरोध किया था कि पशुपतिनाथ (नेपाल) से बैजनाथधाम (देवघर) तक ग्रीन फील्ड एलाइनमेंट के निर्माण को राष्ट्रीय राजमार्ग योजना में शामिल किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने विशेष रूप से सुल्तानगंज से बैजनाथधाम तक पैदल कांवड़ियों और तीर्थयात्रियों के लिए एक अलग सर्विस रोड के निर्माण की मांग भी रखी थी। सावन के महीने में लाखों श्रद्धालु सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर पैदल बाबा धाम जाते हैं, ऐसे में यह सर्विस रोड उनकी सुरक्षा और सुविधा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यदि यह परियोजना धरातल पर उतरती है तो इससे धार्मिक पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा। नेपाल, बिहार और झारखंड के बीच धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध और मजबूत होंगे। साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र का आर्थिक विकास भी तेज होगा। केंद्रीय मंत्री के सकारात्मक रुख की जानकारी खुद उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्थानीय प्रेस संवाददाताओं को दी, जिसके बाद क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों को भरोसा है कि धार्मिक आस्था से जुड़ी यह महत्वाकांक्षी योजना जल्द ही स्वीकृति प्राप्त करेगी और अमल में आने के बाद न सिर्फ तारापुर बल्कि पूरे बिहार के लिए एक ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित होगी।

# बिहार में माफिया से दोस्ती रखने वाले अफसर होंगे बर्खास्त संपत्ति भी होगी जब्त, डिप्टी सीएम ने दी सख्त हिदायत

**एजेंसी। पटना**

बिहार के उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा की की मौजूदगी में सोमवार को लखीसराय टाउन हॉल में भूमि सुधार जनकल्याण संवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन की सरकार में भूमि, जमीन और शराब माफिया पर कार्रवाई के लिए राज्य सरकार पूरी तरह संकल्पित है। गलत करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि लखीसराय को राजस्व का मॉडल जिला बनाया जाएगा। अपराधी भू माफिया और राजस्व कर्मियों के गठजोड़ को तोड़ना प्राथमिकता है। फर्जी और गलत कागजात के जरिए व्यवस्था में



बाधा डालने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। विभागीय संलिप्तता पाए जाने पर तत्काल बर्खास्तगी और संपत्ति की जांच कराई जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने जिले के सभी सात अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि न्यायसंगत मामलों का निष्पादन 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करें। डीसीएलआर अपने नीचे के सभी अधिकारियों कर्मचारियों के कार्यों की मॉनिटरिंग के साथ सूचक निरीक्षण शुरू करें। अपर समाहर्ता अपने सभी अधीनस्थों के कार्यों पर नजर रखें। भूमि विवाद समाधान हेतु प्रत्येक शनिवार को होने वाली बैठक में सभी थानाध्यक्षों की अनिवार्य उपस्थिति रहेगी, जिसकी मॉनिटरिंग क्षेत्र के डीएसपी व एसडीएम के नेतृत्व में कर रिपोर्ट डीएमझ्रएसपी को दी जाएगी। राज्यभर में चल रहे विशेष भूमि सर्वेक्षण पर उन्होंने कहा कि सौ वर्षों बाद हो रहा यह ऐतिहासिक कार्य पूरी पारदर्शिता से हो–यह सभी की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी गांवझ्र गांव में माइकिंग कराकर जागरूकता सुनिश्चित करें। किसी भी शिकायत पर संबंधित अधिकारी तत्काल सुनवाई करें। उन्होंने दोहराया कि सभी राजस्व कर्मचारी केवल पंचायत सरकार भवन में बैठकर ही कार्य करेंगे। इसकी मॉनिटरिंग अंचलाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता एवं अपर समाहर्ता करेंगे। अंचलाधिकारी अधिकतम समय कार्यालय में रहें और अपना व कर्मचारियों का संपर्क नंबर अंचल कार्यालय व पंचायत सरकार भवनों में प्रदर्शित करें। जनसंवाद के दौरान चुनिंदा 50 से अधिक आवेदनों पर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आमनेझ्र सामने बैठाकर समीक्षा की गई। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को बताया कि शेष सभी आवेदनों पर समय-सीमा में विधिसम्मत कार्रवाई विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल के नेतृत्व में सुनिश्चित की जाएगी, जिसकी सूचना आवेदकों तक पहुंचाई जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अब सीधे जनता के बीच उतरकर समस्याओं का समाधान कर रही है। अगले 100 दिनों में बिहार के सभी जिलों में जनसंवाद आयोजित होंगे। अधिकारियों को उन्होंने याद दिलाया कि वे जनता के सेवक हैं, मालिक नहीं। दाखिलझ्रखारिज, परिमार्जन और भूमि विवाद के मामलों का निपटारा तय समय-सीमा में हर हाल में किया जाए। करीब ढाई घंटे चले जनसंवाद में दाखिलझ्रखारिज, परिमार्जन, मापी और लोक भूमि पर अतिक्रमण से जुड़े मामलों समेत अन्य महत्वपूर्ण मामलों की गहन समीक्षा हुई। फर्जी दस्तावेजों के जरिए गड़बड़ी करने वालों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इससे पूर्व प्रधान सचिव सीके अनिल ने लंबित कार्यों को प्राथमिकता से निपटाने का निर्देश दिया। सचिव जय सिंह ने विभाग की ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी दी और बताया कि अंचल कार्यालयों में सीएससी कर्मी के माध्यम से सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## एक नजर

### भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत, लोगों ने किया रोड जाम

**पटना।** सुपौल जिले के गौरवगढ़ स्थित गंगा पेट्रोल पंप के सामने आज एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोगों में से दो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया, जिससे करीब चार घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ही बाइक पर सवार तीनों लोग सुबह सुपौल की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गंगा पेट्रोल पंप के समीप पहुंची, तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के जोलनहिया गांव निवासी शंभू गोस्वामी और उनके बेटे राहुल गोस्वामी के रूप में हुई है। वहीं, उनका दूसरा पुत्र रोहित गोस्वामी इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि शंभू गोस्वामी अपने दोनों पुत्रों को ट्रेन पकड़वाने के लिए सुपौल ले जा रहे थे, तभी यह हृदयविदारक हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल रोहित गोस्वामी को तत्काल एंबुलेंस से सदर अस्पताल, सुपौल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक बताई है। इधर, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और अज्ञात वाहन चालक की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर घंटों सड़क जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। करीब चार घंटे बाद आश्वासन मिलने के बाद जाम समाप्त कराया गया।पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की पहचान कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

### वाहन जांच के दौरान 2.885 किलो चांदी और 4 लाख कैश बरामद, दो गिरफ्तार



**पटना।** पटना पुलिस ने विधि-व्यवस्था संधारण और अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष वाहन चेकिंग अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देश पर जिले के विभिन्न इलाकों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 13 दिसंबर 2025 को दीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत जेपी सेतु, दीघा टीओपी के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कॉर्पियो वाहन को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन से 2.885 किलोग्राम चांदी और 4,00,000 नकद बरामद किया गया। पुलिस द्वारा जब वाहन सवारों से बरामद चांदीनुमा पदार्थ और नकद राशि के संबंध में वैध कागजात मांगे गए, तो वे कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया और स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस का मानना है कि बरामद सामग्री के स्रोत और इसके संभावित आपराधिक नेटवर्क से जुड़े होने की गहन जांच की जा रही है। मामले में आगे विधि-सम्मत कार्रवाई जारी है और अन्य संलिप्त लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (विधि-व्यवस्था–02), पटना मो. मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ऐसे विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# नये प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी को सम्राट चौधरी ने दी बधाई, कहा..एक डोज कल मिला था और आज यह दूसरा



**एजेंसी। पटना**

बीजेपी ने संजय सरावगी को बिहार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। दरभंगा सदर से छह बार विधायक रह चुके संजय सरावगी मिथिला क्षेत्र में पार्टी का मजबूत चेहरा माने जाते हैं और पूर्व में मंत्री भी रह चुके हैं। संजय सरावगी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह डबल डोज है, एक डोज कल मिला था और आज यह दूसरा डोज है। बूस्टर डोज मिला है। अब हम सभी भाई मिलकर संगठन को और मजबूत करेंगे। वैश्य समाज से आने वाले दरभंगा के विधायक संजय सरावगी को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी दी गयी है। बीजेपी मुख्यालय प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने इसे लेकर संगठनात्मक नियुक्ति पत्र जारी किया है। जिसमें इस बात का जिक्र है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी ने श्री संजय सरावगी, विधायक को भारतीय जनता पार्टी बिहार का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। जब से मालूम हुआ कि संजय सरावगी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बनाये गये हैं तो उन्हें बधाई देने के लिए बीजेपी दफ्तर में तांता लगा हुआ है। बीजेपी के कई नेता और कार्यकर्ता उन्हें बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं। इसे लेकर कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी है। लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। बीजेपी के नये प्रदेश अध्यक्ष को बधाई देने पहुंचे सम्राट चौधरी ने कहा कि लगातार बीजेपी अपने संगठन को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से संजय सरावगी जी हमारे पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। मैं इनको बधाई देता हूं आगे हम सभी भाई मिलकर संगठन को और मजबूत करेंगे। जिससे की आगे 2029 और 2030 के चुनाव के लिए पूर्ण रूप से हम पार्टी को मजबूती के साथ खड़ा करेंगे। ये डबल डोज है एक डोज कल मिला था आज दूसरा डोज है। बूस्टर डोज मिला है। बिहार मजबूती के साथ मोदी और नीतीश जी के साथ आगे भी खड़ा रहेगा। मिथिला हमारी शान है मां जानकी की जन्मस्थल है मिथिला बिहार की संस्कृति का पहचान है।

# पछुआ हवा के असर से बिहार में बढ़ेगी ठंड, गिरेगा पारा

**एजेंसी। पटना**

बिहार में फिलहाल कबिहार में फिलहाल कड़ाके की ठंड का असर पूरी तरह देखने को नहीं मिल रहा है, लेकिन दिन और रात के समय कई जिलों में ठंड का एहसास बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से राज्य में ठंड में इजाफा हो सकता है। इसकी मुख्य वजह पछुआ हवाओं का सक्रिय होना बताया जा रहा है, जिससे खासकर रात के तापमान में गिरावट आने की संभावना है। राजधानी पटना में रविवार को दूसरे दिन भी ठंड से राहत महसूस की गई। अधिकतम तापमान में 0.9 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज करते हुए यह 25.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 14.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह और रात के तापमान में खास गिरावट नहीं होने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली।पिछले 24 घंटों के दौरान राज्यभर में मौसम शुष्क बना रहा। इस अवधि में अधिकतम तापमान 22.1 डिग्री से 29.2 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री से 16.2 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस मोतिहारी में, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस किशनगंज में रिकॉर्ड किया गया। मुजफ्फरपुर में भी तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहा। रविवार को पूरे दिन पुरवा हवा चलने से न्यूनतम तापमान में करीब एक डिग्री की बढ़ोतरी हुई। वहीं अधिकतम तापमान में आंशिक गिरावट के बावजूद तेज धूप के कारण दिन में ठंड का असर कम महसूस किया गया। कोहरे का प्रभाव कमजोर रहने से दोपहर के समय आसमान पूरी तरह साफ रहा।पूसा स्थित ग्रामीण मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के अनुसार सोमवार से ठंड में तेजी आ सकती है। हवा का रुख पुरवा से बदलकर पछुआ होने की संभावना है, जिससे रात के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की जा सकती है। पिछले 24 घंटे में यहां अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान एक डिग्री बढ़कर 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इस दौरान औसतन 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पुरवा हवा चली।

# बिहार विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बाद पीके और प्रियंका की सीक्रेट मीटिंग, नई अटकलें तेज

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव में जन सूरज पार्टी के असफल प्रदर्शन के बाद चुनाव रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर (पीके) फिर से राजनीतिक चचाओं में लौट आए हैं। अब पीके ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से एक बंद कमरे में लगभग दो घंटे तक बैठक की। बैठक में दोनों ने उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे उत्तर भारतीय राज्यों के राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की। हालांकि दोनों पक्षों ने इसे सिर्फ शिष्टाचार भेंट बताकर राजनीतिक अटकलों को खारिज करने की कोशिश की, लेकिन यह मुलाकात राजनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बीते कुछ वर्षों में प्रशांत किशोर और कांग्रेस के रिश्ते में खटास रही है। 2021 में जद(यू) से निष्कासित होने के बाद पीके ने कांग्रेस को पुनर्जीवित करने का प्रस्ताव दिया था। इसके तहत 2022 में उन्होंने कांग्रेस आलाकमान से बातचीत की और अप्रैल 2022 में सोनिया गांधी के 10 जनपथ निवास पर राहुल और प्रियंका गांधी सहित शीर्ष नेतृत्व के सामने पीपीटी



प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। उस समय कांग्रेस ने उनकी बातों पर विचार करने के लिए पैनल गठित किया और एम्पावर्ड एक्शन ग्रुप बनाने का निर्णय लिया, जिसमें उन्हें शामिल होने का न्योता दिया गया। लेकिन प्रशांत किशोर ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उनका कहना था कि वे सिर्फ सदस्य बनकर शामिल नहीं होना चाहते, बल्कि उन्हें अधिक अधिकार और स्वतंत्रता मिलनी चाहिए थी ताकि वे पार्टी में संरचनात्मक सुधार ला सकें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और जी-23 समूह के सदस्यों को भी किसी बाहरी व्यक्ति के मार्गदर्शन में पार्टी में बदलाव करने पर भरोसा नहीं था। कांग्रेस ने बयान जारी करते हुए कहा कि पीके के प्रस्ताव और प्रयासों की सराहना की जाती है, लेकिन उन्होंने पार्टी में शामिल होने से इनकार किया। प्रशांत किशोर ने भी बयान जारी किया कि पार्टी को उनके से अधिक नेतृत्व और सामूहिक इच्छाशक्ति की जरूरत है ताकि संगठनात्मक समस्याओं को सुधार जा सके। इसके बाद से पीके ने कांग्रेस की आलोचना जारी रखी। बिहार चुनाव के दौरान उन्होंने राहुल गांधी द्वारा उठाए गए 'वोट चोरी' और 'मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण' (रक्फ़) जैसे मुद्दों को चुनावी दृष्टि से अप्रासंगिक बताया।

# बिहार में 12 एकलव्य स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर आज से शुरू

- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए युवा खिलाड़ी होंगे तैयार

**एजेंसी। पटना**

बिहार में मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी खेल विकास योजना के तहत आज से 12 एकलव्य राज्य आवासीय स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर नए स्वरूप और पूरी सुविधा के साथ अपने कामकाज की शुरूआत कर रहे हैं। इन प्रशिक्षण केन्द्रों का उद्देश्य राज्य के बुनियादी स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना है। साथ ही उन्हें आधुनिक सुविधाओं और कुशल प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित करना है, ताकि




वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। राज्य में कुल 68 एकलव्य स्कूल बनाए जाने हैं, लेकिन इस फर्स्ट फेज में केवल 12 स्कूल आज से शुरू हो रहे हैं। बाकी स्कूलों पर अभी निर्माण और तैयारियों का कार्य चल रहा है, जिसे जल्द ही पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि ये राज्य आवासीय स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर खासतौर पर कम उम्र में खेल प्रतिभा को पहचानने और उन्हें उचित प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से बनाए गए हैं। इन सेंटरों में खिलाड़ियों को आवासीय सुविधा, पोषणयुक्त आहार और अत्याधुनिक खेल उपकरण उपलब्ध होंगे। राज्य में कुल 68 एकलव्य स्कूलों के लिए खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के चयन की प्रक्रिया पहले ही पूरी कर ली गई है। इस पहल से बिहार में खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलेगा और राज्य का खेल विकास तेजी से बढ़ेगा। महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने यह भी कहा कि इन सेंटरों के माध्यम से न केवल खेल कौशल में सुधार होगा, बल्कि बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास भी होगा, जिससे उन्हें समग्र शिक्षा और खेल जीवन दोनों का संतुलित अवसर मिलेगा।

### इन 8 सेंटरों में विषेश सुविधा

बक्सर : कबड्डी (बालक)
सीतामढ़ी : कबड्डी (बालिका)
मुंगेर : फुटबॉल (बालक)
नालंदा : निशानेबाजी (बालक), हॉकी (बालिका)
पटना : कुश्ती (बालक)
सिवान : हैंडबॉल (बालिका)
कैमूर : वॉलीबॉल (बालक), कुश्ती (बालक), एथलेटिक्स (बालक)
बेगूसराय : ताइक्वांडो (बालक)

# पटना में बनेगा शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी का कॉरिडोर, सरकार ने दी मंजूरी

**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार की ओर से पटना में शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी कॉरिडोर का निर्माण कराया जाएगा। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दी है, सम्राट ने कहा कि पटनदेवी का इतिहास पटना से जुड़ा हुआ है,आज भी बहुत से जगहों पर इसके महत्त्व की चर्चा होती है। ऐसे में इन जगहों को बेहतर करना और इन जगहों पर पर्यटन के लिए सुगम बनाना है। दरअसल, समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने कार्यकताओं को सम्मानित किया और उन्हें उत्साहवर्धन किया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार गठन के बाद प्रथम कैबिनेट बैठक में सुशासन की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस दीदी का गठन किया गया है। यह पहल लड़कियों और स्कूल-कॉलेज जाने वाली छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने विधानसभा में विधायक रत्नेश कुमार को सचेतक नियुक्त करने की बात भी कही। वहीं उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बंद पड़ी नौ चीनी मिलों को पुनः चालू किया जाएगा और 25 नई चीनी मिलें खोली जाएंगी। इसके अलावा गुलजारबाग का नाम बदलने की योजना है।

# कोलकाता में मेसी के कार्यक्रम में बवाल : जांच सीबीआई को सौंपने की मांग, कलकत्ता हाईकोर्ट में तीन पीआईएल दाखिल




**एजेंसी। नई दिल्ली**

लियोनल मेसी के कार्यक्रम के दौरान सॉल्ट लेक स्टेडियम में दर्शकों द्वारा की गई तोड़फोड़ और हिंसा का मामला अब कलकत्ता हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। सोमवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुजॉय पाल ने इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ी तीन अलग-अलग जनहित याचिकाएं (पीआईएल) दाखिल किए जाने की अनुमति दी। इन याचिकाओं में स्टेडियम में हुई हिंसा की जांच को केंद्रीय एजेंसियों, जैसे सीबीआई (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस (SFIO) को सौंपने की मांग की गई है। ये याचिकाएं राज्य के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और अधिवक्ता सब्यसाची चट्टोपाध्याय तथा मैनाक घोषाल द्वारा अलग-अलग दाखिल की गई हैं। संभावना है कि हाईकोर्ट इन तीनों याचिकाओं पर इस सप्ताह एक साथ सुनवाई करेगा। सुवेंदु अधिकारी की ओर से पेश अधिवक्ता बिल्वादल भट्टाचार्य ने अदालत से अनुमति मांगी कि शनिवार को हुई भीड़ की अव्यवस्था और हिंसा के पीछे के कारणों की गहन जांच कराई जाए। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति, जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस असीम कुमार राय कर रहे हैं, की वैधता पर भी सवाल उठाया। याचिका में आरोप लगाया गया कि इस घटना ने पूरी दुनिया के सामने पश्चिम बंगाल की छवि को नुकसान पहुंचाया। अन्य दो याचिकाओं में दावा किया गया कि राज्य सरकार द्वारा गठित समिति जल्दबाजी में बनाई गई है। साथ ही, इनमें टिकट बिक्री में संभावित वित्तीय अनियमितताओं और कार्यक्रम से जुड़े संदिग्ध पैसों के लेनदेन की भी जांच कराने की मांग की गई है। इस मामले की जांच कर रही बिधाननगर पुलिस ने टिकटों की बिक्री और वितरण से जुड़ी संस्था के बैंक खातों को फ्रीज करने का आदेश दिया है। इसके अलावा, आयोजन के मुख्य आयोजक सताद्रु दत्ता–जो अब गिरफ्तार हो चुके हैं और संबंधित संस्था के बीच सभी वित्तीय लेनदेन पर रोक लगा दी गई है।

## मेसी से मिले आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, टी20 विश्व कप 2026 की टिकट भेंट की

लियोनल मेसी के GOAT इंडिया टूर का आज तीसरा दिन रहा। मेसी आज दिल्ली में रहे। इससे पहले वह कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई का दौरा कर चुके थे और तीनों ही शहर में उनकी यात्रा ऐतिहासिक रही और फैंस से खूब प्यार मिला। अब दिल्ली इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बना।दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे मेसी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मेसी वांतारा जा सकते हैं और अंबानी परिवार के साथ समय बिता सकते हैं।मेसी ने कहा, 'भारत में इन दिनों आपने हम पर जो प्यार लुटाया, उसके लिए दिल से धन्यवाद। हमारे लिए यह अनुभव सचमुच बेहद खास रहा। भले ही यह सफर बहुत छोटा और काफी व्यस्त था, लेकिन इतना सारा प्यार मिलना अद्भुत था। मुझे पहले से पता था कि भारत में हमारे लिए स्नेह है, लेकिन इसे करीब से महसूस करना वाकई अविश्वसनीय रहा। इन दिनों आपने हमारे लिए जो कुछ भी किया, वह हैरान करने वाला था। यह सब एक तरह की खूबसूरत दीवानगी जैसा था। आप सभी के इस प्यार के लिए शुक्रिया। हम जरूर किसी दिन फिर लौटेंगे, शायद कोई मैच खेलने के लिए या किसी और मौके पर, लेकिन इतना तय है कि हम दोबारा भारत आएंगे। बहुत–बहुत धन्यवाद, शुक्रिया।'

### जांच समिति ने किया स्टेडियम का दौरा

राज्य सरकार द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति, जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस असीम कुमार राय कर रहे हैं और जिसमें मुख्य सचिव तथा गृह सचिव भी सदस्य हैं, ने रविवार को क्षतिग्रस्त स्टेडियम का दौरा किया। समिति ने मीडिया को बताया कि वह अगले 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

### मुख्यमंत्री का बयान और समिति का उद्देश्य

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटना के कुछ ही घंटों के भीतर समिति के गठन की घोषणा करते हुए कहा था कि इसका उद्देश्य जिम्मेदारी तय करना और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उपाय सुझाना है।

### 2 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान

अधिकारियों के मुताबिक, मेसी की संक्षिप्त और कड़ी सुरक्षा में हुई मौजूदगी के बाद नाराज दर्शकों ने अभूतपूर्व हिंसा और तोड़फोड़ की, जिससे स्टेडियम को 2 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। कई फैंस दूर-दराज से भारी रकम खर्च कर टिकट लेकर आए थे, लेकिन अपने सुपरस्टार की झलक तक नहीं देख पाने से आक्रोश फैल गया और हालात बेकाबू हो गए। यह घटना अब केवल अव्यवस्था का मामला नहीं, बल्कि राज्य की प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता पर भी बड़े सवाल खड़े कर रही है।

## एक नजर

### अक्षर पटेल साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर




**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के अक्षर पटेल साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के आखिरी 2 मैचों से बाहर हो गए हैं। बीमारी के कारण वे सीरीज का तीसरा मैच भी नहीं खेल सके थे। बीसीसीआई ने उनकी जगह लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को स्क्वॉड में शामिल कर लिया। साउथ अफ्रीका के खिलाफ चौथा टी-20 मैच 17 दिसंबर और पांचवां मुकाबला 19 दिसंबर को खेला जाएगा। 2 मुकाबले जीतकर टीम इंडिया फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है। साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती, वहीं वनडे में भारत ने 2-1 से बाजी मारी। बीसीसीआई ने बताया कि अक्षर को स्क्वॉड से आराम दिया गया है, लेकिन वे फिलहाल लखनऊ में बाकी प्लेयर्स के साथ ही हैं। वहां उन्हें मेडिकल टीम की निगरानी में रखा गया है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में ही बुधवार को चौथा टी-20 खेला जाएगा। सीरीज के शुरूआती 2 मुकाबलों में अक्षर ने बैट से 44 रन बनाने के साथ गेंद से 3 विकेट भी लिए।

### शेफाली वर्मा विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ बनीं



**नई दिल्ली।** भारत को पहला विमेंस वर्ल्ड कप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली शेफाली वर्मा को आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 78 गेंदों पर 87 रन की शानदार पारी खेली थी। यह विमेंस वर्ल्ड कप फाइनल में किसी भी भारतीय ओपनर का सबसे बड़ा स्कोर रहा। बल्लेबाजी के साथ-साथ शेफाली ने गेंदबाजी में भी योगदान देते हुए 2 विकेट हासिल किए थे। उनकी इस ऑलराउंड परफॉर्मेंस की बदौलत भारत ने 7 विकेट पर 298 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया और फिर 52 रन से मैच जीतकर विमेंस वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। वहीं पुरुष वर्ग में यह सम्मान साउथ अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर साइमन हार्मर को मिला। हार्मर ने भारत के खिलाफ हाल ही में खेली गई टेस्ट सीरीज में शानदार गेंदबाजी करते हुए सबसे ज्यादा 17 विकेट झटके थे।शेफाली पहले वर्ल्ड कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थी। उन्हें ओपनर प्रतिका रावल के बांग्लादेश के खिलाफ फील्डिंग करते समय चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया।

# राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में मनु भाकर और सिमरनप्रीत का दबदबा, जीते स्वर्ण पदक





**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिताओं में दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और विश्व कप फाइनल में स्वर्ण पदक विजेता सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः सीनियर और जूनियर वर्ग का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सीनियर महिला वर्ग के फाइनल में मनु भाकर ने 36 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कर्नाटक की दिव्या टी.एस. को चार अंकों से पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की। दिव्या को 32 अंकों के साथ रजत पदक मिला। अंजलि चौधरी ने 28 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि ओलंपियन रिदम सांगवान चौथे स्थान पर रहीं। क्वालिफिकेशन राउंड में मनु भाकर 581 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं, जबकि दिव्या टी.एस. ने 587 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। अंजलि चौधरी ने 582 और रिदम सांगवान ने 579 अंक बनाए।

### सिमरनप्रीत भी बनीं विजेता

जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में 21 वर्षीय सिमरनप्रीत ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए फाइनल में 39 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता। द्वारम प्रनवी ने रजत और हरियाणा की पलक ने कांस्य पदक हासिल किया। जूनियर क्वालिफिकेशन में पारिशा गुप्ता ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि सिमरनप्रीत 578 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। पलक ने 575 और द्वारम प्रनवी ने 572 अंक बनाए।

### टीम स्पर्धा में महाराष्ट्र की टीम ने मारी बाजी

महिला 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में महाराष्ट्र की टीम ने 1726 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। टीम में शीतल प्रीतम देसाई (577), अभिदन्या अशोक पाटिल (575) और राही सरनोबत (574) शामिल रहीं। आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट ने 1722 अंकों के साथ रजत, जबकि हरियाणा की टीम ने 1718 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। जूनियर महिला टीम स्पर्धा में आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट ने स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली को रजत और पंजाब को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# स्क्वाश विश्व कप जीतने वाला पहला एशियाई देश बना भारत, फाइनल में हांगकांग को हराकर जीती ट्रॉफी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय टीम ने स्क्वाश विश्व कप का खिताब पहली बार जीतकर इतिहास रच दिया है। भारत ने फाइनल में हांगकांग को एकतरफा अंदाज में 3-0 से हराया और चैंपियन बनने में सफल रहा। इसके साथ ही भारत स्क्वाश विश्व कप जीतने वाले एशिया का पहला देश बन गया है। भारत ने इस वैश्विक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और विजेता बनने में सफल रहा। भारत का इससे पहले विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में कांस्य पदक जीतना था। भारत ने हालांकि, इस बार हर बाधा को पार किया और अपना दबदबा बनाया। यह खिताबी जीत भारतीय स्क्वाश के लिए निश्चित रूप से अच्छी खबर है क्योंकि यह खेल लॉस एंजिल्स 2028 में ओलंपिक में अपना पदार्पण करने जा रहा है। मिश्रित टीम स्पर्धा में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। टूर्नामें ट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने बिना कोई मैच हारे खिताब अपने नाम किया। ग्रुप चरण में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को समान 4-0 के अंतर से हराने के बाद भारत ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में क्रमशः दक्षिण अफ्रीका और दो बार के चैंपियन मिस्त्र को 3-0 से हराया। विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज जोशना चिनप्पा ने 37वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ली का यी पर 3-1 की उलटफेर भरी जीत से फाइनल में भारत को शानदार शुरूआत दिलाई। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ( विश्व रैंकिंग में 29) ने 42वें स्थान पर काबिज एलेक्स लाउ को 3-0 से, जबकि 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज टोमाटो हो को इसी अंतर से हराकर भारत के लिए खिताब पक्का कर दिया।



# एशेज टेस्ट : तीसरे मैच के लिए इंग्लैंड टीम में बदलाव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछड़ रही इंग्लैंड टीम ने तीसरे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव किया है। एडिलेड में बुधवार से शुरू हो रहे इस अहम मुकाबले के लिए तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को बाहर कर उनकी जगह जोश टंग को टीम में शामिल किया है। गस एटकिंसन पहले दो टेस्ट में खास असर नहीं छोड़ पाए थे। पर्थ और ब्रिस्बेन में खेले गए मुकाबलों में इंग्लैंड को आठ-आठ विकेट से हार झेलनी पड़ी, जहां एटकिंसन ने कुल 236 रन लुटाए और सिर्फ तीन विकेट ही ले सके। खराब प्रदर्शन के चलते टीम मैनेजमेंट ने उन्हें बाहर करने का फैसला लिया। जोश टंग को इस सीरीज में खेलने का मौका दिया गया है और यह उनका सातवां टेस्ट होगा। वह अब इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण में जोफ्रा आर्चर, ब्रायडन कार्स और कप्तान बेन स्टोक्स के साथ नजर आएंगे।स्पिन विभाग में इंग्लैंड ने कोई बदलाव नहीं किया है। ऑफ स्पिनर विल जैक्स ने अपनी जगह बरकरार रखी है, जबकि शोएब बशीर को फिर मौका नहीं मिला। दौरे से पहले बशीर को इंग्लैंड का नंबर एक स्पिनर माना जा रहा था, लेकिन पर्थ में इंग्लैंड ने बिना स्पिनर के खेला। ब्रिसबेन टेस्ट में जैक्स को मौका मिला, जहां उन्होंने भले ही सिर्फ 11.3 ओवर गेंदबाजी की और 1 विकेट लेकर 34 रन दिए, लेकिन बल्लेबाजी में उन्होंने बेहतरीन संयम दिखाया। दूसरी पारी में जैक्स ने 41 रन की अहम पारी खेली और बेन स्टोक्स के साथ 96 रन की साझेदारी की। बल्लेबाजी क्रम में भी इंग्लैंड ने कोई बदलाव नहीं किया है। खराब फॉर्म से जूझ रहे ओली पोप ने नंबर तीन पर अपनी जगह बचा ली है। युवा खिलाड़ी जैकब बेथेल को एक बार फिर इंतजार करना होगा। फिलहाल पांच मैचों की एशेज टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड 0-2 से पीछे है। पहले दो टेस्ट कुल मिलाकर सिर्फ छह दिनों में हार जाने के बाद टीम पर काफी दबाव है। ऐसे में एडिलेड टेस्ट इंग्लैंड के लिए ह्यकरो या मरोह्व जैसा मुकाबला माना जा रहा है। अगर यहां हार मिली, तो सीरीज में वापसी की उम्मीदें लगभग खत्म हो जाएंगी।

# झज्जर के ओलिंपियन अमन सहरावत ने जीता स्वर्ण




**एजेंसी। नई दिल्ली**

अहमदाबाद में हुई सीनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता झज्जर के युवा पहलवान और पेरिस ओलिंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के लिए सिर्फ एक टूनार्मेंट नहीं, बल्कि संघर्ष, धैर्य और आत्मविश्वास की वापसी की कहानी बन गई। पुरुषों की फ्रीस्टाइल 61 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अमन ने यह साबित कर दिया कि असफलताएं अगर इंसान को तोड़ें नहीं, तो वही उसे मजबूत बनाती हैं। स्वर्ण पदक जीतने के बाद अमन सहरावत ने भावुक शब्दों में इंस्टाग्राम पर लिखा कि यह जीत उनके लिए गर्व का क्षण है। पिछले एक साल में गिरावट, असफलताओं और आत्म-संदेह के दौर से गुजरने के बाद यह पदक केवल एक जीत नहीं, बल्कि कभी हार न मानने वाले विश्वास की वापसी है। उन्होंने कहा कि जब हालात उनके खिलाफ थे, तब भी कुछ लोगों का भरोसा उनके साथ बना रहा और आज यह उपलब्धि उसी भरोसे का परिणाम है। अमन ने सोशल मीडिया पर पांच तस्वीरों के साथ अपनी भावना सांझा करते हुए अपने सपोर्ट स्टाफ और साथियों का आभार जताया। उन्होंने लिखा कि सीनियर नेशनल्स में स्वर्ण पदक जीतना मेरे लिए गर्व का क्षण है, और इस सफलता के लिए मैं सभी का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। पिछले एक साल की गिरावट, असफलताएं और आत्म-संदेह के बाद, यह पदक सिर्फ एक जीत नहीं, बल्कि धैर्य, संघर्ष और कभी हार न मानने वाले विश्वास की वापसी की कहानी है। जब हालात मेरे खिलाफ थे, तब भी कुछ लोगों का भरोसा मेरे साथ रहा-और आज यह उपलब्धि उसी भरोसे का परिणाम है। मैं दिल से खुश हूं कि मेरे कठिन समय में मेरा सपोर्ट स्टाफ और मेरे सहयोगी हमेशा मेरे साथ खड़े रहे, मुझे मोटिवेट करते रहे और कभी मेरा साथ नहीं छोड़ा। इस अनुभव से मैंने यह सीखा है कि हमेशा अपने आसपास सकारात्मक लोगों को रखें, क्योंकि जब भी आप गिरते हैं। वही लोग आपको संभालने और आगे बढ़ने की ताकत देते हैं। अब मेरा पूरा ध्यान इस बात पर है कि 2026 यह वर्ष से कहीं बेहतर हो। आप सभी अपना आशीर्वाद बनाए रखें, ताकि आने वाला समय मेरे लिए और भी श्रेष्ठ साबित हो।उदरअसल, अमन आमतौर पर 57 किलोग्राम वर्ग में मुकाबला करते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने वजन घटाने से बचने के उद्देश्य से 61 किलोग्राम वर्ग में उतरने का फैसला किया। इसके बावजूद उनका प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। फाइनल मुकाबले में उन्होंने निखिल को एकतरफा अंदाज में 10-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

### ओवरवेट पाए जाने पर अमन हुए थे अयोग्य घोषित

अमन की यह जीत इसलिए भी खास मानी जा रही है, क्योंकि इसी साल क्रोएशिया में हुई विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के दौरान वेट-इन में ओवरवेट पाए जाने पर अमन को अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके बाद भारतीय कुश्ती महासंघ ने उन पर एक साल का निलंबन लगाया, जिसे बाद में हटा लिया गया। निलंबन हटने के बाद उन्हें नेशनल चैंपियनशिप में खेलने की अनुमति मिली और अमन ने इस मौके को स्वर्णिम बना दिया।

# हार्दिक पहले भारतीय, जिनके नाम 1000 रन और 100 विकेट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हरा दिया। रविवार को 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 15.5 ओवर में 7 विकेट से मैच जीता। साउथ अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 117 रन पर सिमट गई थी। धर्मशाला में हार्दिक ने पंड्या टी-20 इंटरनेशनल में 1000 से ज्यादा रन और 100 विकेट पूरे करने वाले पहले भारतीय बने।भारतीय ओपनर शुभमन गिल ने 28 रन बनाए। वे इस साल तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। अभिषेक शर्मा ने तीसरी बार पारी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा। इसके अलावा वरुण चक्रवर्ती ने भी अपने 50 टी-20 इंटरनेशनल विकेट पूरे कर लिए। हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 1000 से ज्यादा रन और 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने यह मुकाम 1939 रन और 100 विकेट के साथ हासिल किया। हार्दिक से पहले सिर्फ विदेशी ऑलराउंडर शामिल थे, जिनमें शाकिब अल हसन, मोहम्मद नबी और सिकंदर रजा जैसे स्पिन ऑलराउंडर हैं। हार्दिक इस रिकॉर्ड में शामिल होने वाले पहले फास्ट बालिंग ऑलराउंडर भी हैं, जिससे उनकी यह उपलब्धि और भी खास है। साथ ही पंड्या टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बने। उनसे पहले अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह यह अचीवमेंट हासिल कर चुके हैं।